दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



फौजी की रिलीज डेट......




भूमि ने शेयर किया ......

वर्ष : 12 | अंक : 40 | लखनऊ, 01 फरवरी, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### युवती को कैब चालक ने भेजे अश्लील मैसेज

नई दिल्ली। इनड्राइव एप पर बुक कैब के चालक द्वारा युवती को अश्लील संदेश भेजने और फ्री



राइड के बदले शारीरिक संबंध की मांग करने का मामला सामने आया है। घटना 27 जनवरी की रात की है। बलटाना निवासी युवती ने 28 जनवरी को सेक्टर-26 पुलिस को शिकायत दी। एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है पुलिस ने समझौता करवा दिया।

### कंटेनर ने 2 ऑटो को मारी टक्कर, 5 मरे

आगरा। यहां के थाना खंदौली क्षेत्र में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कंटेनर



ने दो ऑटो को रौंद दिया। हादसे में 5 लोगों के मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल बताए गए हैं। ये सभी जगन्नाथ यात्रा पर गए थे। ये सभी वापस ऑटो से आ रहे थे। ये सहपऊ के रहने वाले हैं। आगरा कैंट स्टेशन पर के बाद ये ऑटो से घर जा रहे थे।

### सीयूईटी यूजी में आवेदन की तारीख आगे बढ़ी


नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट 2026 के लिए




रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 4 फरवरी रात 11:50 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह फैसला शिकायतों और अनुरोधों के बाद लिया गया है, ताकि अधिकतर छात्र बिना किसी तकनीकी परेशानी के आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें।

### जान्हवी हत्याकांड में दोस्त को उम्रकैद

मुंबई। यहां के चर्चित 2021 जान्हवी कुकरेजा हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है।



करीब 4 साल बाद आए इस फैसले में अदालत ने पीड़िता के दोस्त जोगधनकर को उम्रकैद की सजा सुनाई। दूसरी आरोपी दिया पाडलकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इसने शहर को झकझोर दिया था। हत्या में शामिल लोग मृतका के करीबी दोस्त थे।

### संसद में जल्द लाएंगे नए कृषि कानून

दुर्ग। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में किसानों से संवाद करते



हुए घोषणा की कि किसानों को कानूनी सुरक्षा देने के लिए जल्द ही संसद में नए कानून लाए जाएंगे। नकली बीज, खाद और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को धोखाधड़ी से बचाना है।

---

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कोलकाता के आनंदपुर में सीएम ममता को घेरा

# मोमो फैक्ट्री में किसका था पैसा? सरकार ने भ्रष्टाचार छिपाने फैक्ट्री में लगवाई थी आग

### बैरकपुर में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्य सरकार को बताया सबसे भ्रष्ट




ममता किसी भ्रम में न रहें

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के आनंदपुर इलाके में वाओ मोमो फैक्ट्री व गोदाम में हाल में लगी भीषण अग्निकांड की घटना को लेकर शनिवार को ममता सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह आग कोई साधारण दुर्घटना नहीं है, बल्कि राज्य प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार का नतीजा है। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले शाह ने उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते इस भीषण अग्निकांड पर दावा किया कि इसमें 25 लोगों की जान चली गई है और 27 लापता हैं। शाह ने ममता सरकार को कठघरे में लाया। शाह ने कहा कि यह हादसा क्यों हुआ? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा हुआ है? फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मालिकों ने उड़ानों में किसके साथ यात्रा की है? मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है?

अग्निकांड को लेकर ममता पर बरसे शाह



बंगाल के नेताओं ने गृहमंत्री शाह को सौंपी देवी की तस्वीर

#### आगजनी का विरोध किया तो पुलिस ने अत्याचार किया

शाह ने ममता सरकार से आग की इस घटना की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच कराने की मांग की। शाह ने कहा कि घटना के जिम्मेदार लोगों को जेल भेजा जाए। शाह ने कहा कि बंगाल में हमारे नेता अधिकारी और शमिक भट्टाचार्य पीड़ित परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकर्ताओं ने घटना का विरोध किया और पुलिस ने उन पर अत्याचार किया।

#### इस बार ममता की विदाई तय

शाह ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ चुनावों के आंकड़े साफ संकेत दे रहे हैं कि 2026 में बंगाल में बदलाव तय है। 2021 के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस चुनाव में भाजपा को 38 प्रतिशत वोट मिला था और 77 सीटें जीतकर सुवेंदु अधिकारी विपक्ष के नेता बने। ममता दीदी, हमें 38 से 45 प्रतिशत तक जाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी। ममता पर तंज कसते हुए कहा कि वे भतीजे को अगला मुख्यमंत्री बनाने के सपने में भ्रम का शिकार हो गई हैं।

#### मतुआ समुदाय से कहा- किसी का नाम नहीं कटेगा

शाह ने मतुआ समुदाय के लोगों को भी भरोसा दिलाया। शाह ने कहा कि ममता व टीएमसी उन्हें यह कहकर डरा कर रही हैं कि एसआईआर के चलते उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने साफ कहा कि एक भी मतुआ मतदाता का नाम सूची से नहीं हटेगा।कोई कुछ भी कोशिश कर लें, एसआईआर की प्रक्रिया जारी रहेगी और पूरी तरह पारदर्शी मतदाता सूची के साथ चुनाव कराए जाएंगे।

#### एनआरसी पर भी घेरा, अवैध लोगों का नाम कटेगा

गृह मंत्री ने कहा कि ममता बेनर्जी चाहे जितना एनआरसी का विरोध कर लें, लेकिन घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने ही होंगे। उन्होंने दावा किया कि यदि कोई घुसपैठिया बच भी जाता है, तो भाजपा का मुख्यमंत्री आकर उसे हटाने का काम करेगा।

#### भ्रष्टाचार पर खुली चुनौती वे टिकट न देकर दिखाएं

गृह मंत्री शाह ने ममता को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें सच में हिम्मत है, तो वे भ्रष्ट नेताओं को टिकट न देकर दिखाएं।

#### हाईकोर्ट ने भी माना, जमीन देने में नहीं कर रही थी सहयोग

शाह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि अब कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी यह माना है कि ममता सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन देने में सहयोग नहीं कर रही थी। हाई कोर्ट ने बीएसएफ को तय समयसीमा के भीतर जमीन देने का आदेश दिया है, ताकि सीमा सुरक्षा मजबूत की जा सके।

#### 'माटी-मानुष' के नारे पर तंज महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

शाह ने कहा कि ममता बेनर्जी माटी और मानुष का नारा देकर सत्ता में आई थीं, लेकिन आज महिलाएं असुरक्षित हैं, जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा है और आम लोग तृणमूल सिंडिकेट से परेशान हैं।

---

### केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण

### अदालत ने इन आधारों पर दी गिराने की अनुमति इसके साथ ही मेडिकल टीम को ताकीद भी दी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केरल हाईकोर्ट ने एक दंपती राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी। बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी।



#### कोर्ट के निर्देश

#### कोट्टायम मेडिकल कॉलेज जरूरी कदम उठाए

कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके।

#### पहले अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि

हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए। अगर भ्रूण जीवित जन्म लेता है, तो अस्पताल उसे जीवित रखने के लिए सभी आवश्यक सहायता देगा, जिसमें इन्क्यूबेशन और किसी भी सुपर-स्पेशलिटी में इलाज शामिल है। बच्चे को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार दिया जाएगा और याचिकाकर्ता पति-पत्नी बच्चे की पूरी जिम्मेदारी लेंगे तथा इलाज का खर्च भी वहन करेंगे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि भ्रूण दिमाग और सिर की जन्मजात विकृतियों से पीड़ित है, जिनमें माइक्रोसेफली जैसे लक्षण शामिल हैं, जिससे गंभीर और जीवनभर रहने वाली शारीरिक व न्यूरोलॉजिकल विकलांगता की आशंका बहुत अधिक है।

---

# पीएम श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट, आदमपुर का करेंगे अनावरण, हलवारा में नए टर्मिनल का करेंगे उदघाटन

### यह महान संत और समाज सुधारक के प्रति सम्मान का प्रतीक

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे। वे दोपहर में आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां एयरपोर्ट का नया नाम 'श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट, आदमपुर' अनावरण करेंगे। वे लुधियाना स्थित हलवारा एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी करेंगे। इस पावन अवसर पर आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण उस महान संत और समाज सुधारक के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं आज भी भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करती हैं।

- पंजाब का एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर

#### हरित और ऊर्जा-कुशल टर्मिनल



प्रधानमंत्री के सतत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकास के विजन के अनुरूप इस टर्मिनल भवन में कई हरित और ऊर्जा-कुशल सुविधाएं शामिल की गई हैं।

#### नया और बड़ा सिविल एन्क्लेव विकसित किया

पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हलवारा एयरपोर्ट पर जिस नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया जाएगा, वह पंजाब के लिए एक नया एविएशन गेटवे साबित होगा। इससे लुधियाना और आसपास के औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्रों की कनेक्टिविटी जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

#### एटा और कच्छ को रामसर मान्यता मिलने पर पीएम ने जताई प्रसन्नता

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के एटा स्थित पटना बर्ड सेंचुरी और गुजरात के कच्छ स्थित छारी-ढांड को रामसर साइट के रूप में मान्यता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह मान्यता जैव विविधता के संरक्षण और महत्वपूर्ण इकोसिस्टम की रक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये सुरक्षित आवास के रूप में आगे भी फलते-फूलते रहेंगे।

---

### साध्वी बाईसा की मौत मामले में बड़ा खुलासा

पुलिस उसकी योग्यता की कर रही जांच

# कंपाउंडर ने अपना जुर्म कबूला उन्हें कई इंजेक्शन लगाए गए

### एसआईटी की तफ्तीश में चौंकाने वाला खुलासा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। एसआईटी की प्रमुख और एसीपी छवि शर्मा ने शुरुआती जांच में संकेत दिए हैं कि यह मामला केवल सामान्य इलाज तक सीमित नहीं है। पूछताछ में मुख्य आरोपी कंपाउंडर देवी सिंह ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने साध्वी को केवल एक इंजेक्शन नहीं, बल्कि एक से अधिक इंजेक्शन लगाए थे।



#### कई अन्य दवाएं भी दी थी

अब तक केवल 'डेक्सोना' इंजेक्शन की बात सामने आ रही थी, लेकिन उसने कुछ अन्य दवाएं भी शरीर में इंजेक्ट की थीं। उन अन्य इंजेक्शनों में कौन सा साल्ट था, उनकी मात्रा कितनी थी और वे किस उद्देश्य से दिए गए थे?

#### शक के दायरे में आश्रम के बैंक खाते

पुलिस आर्थिक एंगल को भी गंभीरता से देख रही है। आश्रम से जुड़े सभी आधिकारिक बैंक खातों को खंगाला जा रहा है। आश्रम से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के निजी बैंक खातों की भी जांच हो रही है ताकि संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता लगाया जा सके।

---

### उपराष्ट्रपति ने किया सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन

# 'लोकल से ग्लोबल- आत्मनिर्भर भारत' पर दिया बल



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी की मिठास के बीच फरीदाबाद के सूरजकुंड में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव की शुरुआत हो गई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'लोकल से ग्लोबल- आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित इस महोत्सव का उद्घाटन किया। राधाकृष्णन के सूरजकुंड पहुंचने पर सीएम नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया।

### उपराष्ट्रपति का स्वागत, दीप प्रज्वलन के साथ किया शुभारंभ



#### कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध लोक कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। यह शिल्प मेला 15 फरवरी तक चलेगा। आयोजन हरियाणा पर्यटन निगम के साथ केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र, संस्कृति और विदेश मंत्रालयों के सहयोग से किया जा रहा है।

#### सैनी बोले- कला और शिल्प का महाकुंभ है यह मेला

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड मेला कला और शिल्प का ऐसा महाकुंभ है, जिसकी पहचान न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी प्राचीन विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

#### थीम पीएम मोदी के विजन का प्रतिबिंब

मुख्यमंत्री ने कहा कि 39वें सूरजकुंड मेले की थीम 'लोकल टू ग्लोबल' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को दर्शाती है, जिसके तहत देश के हर कोने में मौजूद हुनरमंद हाथों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर गर्व करने का भाव भी है।

---

### गोयल ने तमिलनाडु सरकार को घेरा

# सीएम स्टालिन भ्रष्ट व भारत विरोधी, भाजपा की जीत तय

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि तमिलनाडु के लोग डीएमके से तंग



हैं। यह एक अक्षम और 'भयंकर भ्रष्ट' सरकार है और यह तमिल विरोधी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है। तमिलनाडु चुनाव प्रभारी गोयल ने कहा कि विधानसभा में भाजपा के लिए जीत कठिन नहीं होगी। यहां भाजपा को अभिनेता विजय को बुलाने की जरूरत नहीं है।

#### डीएमके सरकार अक्षम भ्रष्टाचार में डूबी

तमिलनाडु के प्रभारी मंत्री गोयल ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विरोध की भावना है। यह एक अक्षम और महा भ्रष्ट सरकार है। स्टालिन पूरी तरह से तमिल विरोधी संस्कृति और भारत विरोधी रुख का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि एआईएडीएमके के नेतृत्व वाला एनडीए (जिसमें भाजपा भी शामिल है) गठबंधन यह चुनाव जीतेगा और अच्छी शासन व्यवस्था वापस लाएगा।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से लोडर वाहन पलटा, आधा दर्जन सवारियां घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने छोटा हाथी लोडर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें बैठी आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं। सभी को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।पुलिस के मुताबिक उन्नाव के नवाबगंज निवासी सोनू (37), करण (25), मुकेश (26), अनीश (30) तथा असोहा के कटेहरू निवासी रामशंकर मंडी से देर रात डाला में बैठकर अपने घर लौट रहे थे। तभी बंथरा में शिवपुरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने छोटा हाथी लोडर वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह पलट गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन का पता लगाने के साथ मामले की जांच की जा रही है।

### यूपी के अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह व कक्षा नौ में प्रवेश को आवेदन करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी गई है। पूर्व में 31 जनवरी अंतिम तिथि निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है। इस संबंध में महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय पूजा यादव ने सभी मंडलायुक्त को पत्र भेजा है। अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पूर्व में एक जनवरी को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई थी। परंतु शनिवार को अंतिम तिथि तक प्रवेश के लिए बहुत कम आवेदन ही आए। इसके चलते अब आवेदन और प्रवेश परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाया गया है।

# ब्रम्ह देव बाबा देव स्थल पर विशाल भंडारे व संकीर्तन का हुआ आयोजन

**निगोहां क्षेत्र के सैदापुर ग्राम में स्थित ब्रम्ह देव बाबा देव स्थल पर 10वें विशाल भंडारे व संकीर्तन का हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ।निगोहां के सैदापुर ग्राम में स्थित ब्रम्ह देव बाबा देव स्थल पर शनिवार को 10वें विशाल भंडारे सहित संकीर्तन का आयोजन किया गया।सुंदरकाड पाठ व हवन पूजन के बाद कन्याओ को भोजन कराकर भंडारे में पूड़ी- सब्जी,छोला चावल व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। भजन गायक रिंकू जायसवाल ने सुंदर सुंदर भजनो को सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।भंडारे का आयोजन समाजसेवी राम कुमार मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अनुपम मिश्रा व विनीत मिश्रा द्वारा किया गया। भंडारे में विधायक अमरेश कुमार रावत, एसडीएम पवन पटेल, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, एसीपी विकास पांडे, वर्मा,तहसीलदार रितुराज शुक्ला,बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी,थाना प्रभारी अनुज तिवारी,थाना प्रभारी विवेक चौधरी,एडीओ अशोक यादव,एडीओ कमल किशोर शुक्ला,सीएचसी अधीक्षक डा०दिवाकर भारद्वाज ,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला, महामंत्री रामलखन,यूपीएल फैक्ट्री के महाप्रबंधक जीएन श्रीवास्तव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे, समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित , एडवोकेट सतीश अवस्थी,वरिष्ठ भाजपा नेता राज कुमार सिंह चौहान, भाजपा नेता अनुष्ठान सिंह (जहाजी), भूमि विकास बैंक अध्यक्ष अशोक तिवारी,समाजसेवी गोपाल शुक्ला, महामंत्री अखिलेश द्विवेदी ,वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह,बृजराज सिंह ,भाजपा नेता अविचल शुक्ला, क्रागेंस नेता शिवम त्रिपाठी,जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज , चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुंधाशु सिंह,मंडल अध्यक्ष ललित सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, प्रधान अभय दीक्षित,प्रधान विकास पटेल,प्रधान भोलानाथ, दुर्गेश सिहं(दीपू) ,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल,पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा,भाजपा जिलामंत्री हंसराज, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण यादव, शिव अटल सिंह, अमरेन्द्र सिंह,अरूणेश प्रताप सिंह, यशवीर सिंह,आईपी सिंह,नवनीत सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह,मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा,विकास तिवारी,गिरिजा शंकर मिश्रा,भाजपा नेता गौरव शुक्ला, राकेश मिश्रा,पकंज मिश्रा,राजेन्द्र मिश्रा, पत्रकार अमित मिश्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# साइबर ठगों ने जेप्टो ऐप के जरिए वस्तुओं की खरीद कर 1.82 लाख रुपये किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने बीते दिनों एक युवक के मोबाइल पर कॉल कर उसके जेप्टो ऐप के जरिए वस्तुओं की खरीद कर 1.82 लाख रुपये पार कर दिए। खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम में शिकायत करने के साथ सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।सरोजनी नगर के हिंद नगर, एलडीए कॉलोनी निवासी पीड़ित चिराग बुधराजा के मुताबिक 16 जनवरी 2026 की शाम करीब 7:54 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जो रिसीव करने पर स्वतः कट गई। इसके तुरंत बाद उनके आरबीएल बैंक क्रेडिट कार्ड से जेप्टो ऐप के जरिए 1,72,687 रुपये की खरीदारी और 10,000 रुपये वॉलेट में ट्रांसफर होने का मैसेज मिला। जांच करने पर पता चला कि ऑर्डर कोलकाता से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया गया था, जबकि वह स्वयं लखनऊ में मौजूद थे। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान उनके मोबाइल पर लगातार कई ओटीपी मैसेज आ रहे थे, जिससे मोबाइल और ऑनलाइन खातों के हैक होने की आशंका जताई जा रही है।इस पर पीड़ित को खुद के साथ सभी होने का संदेह हुआ और उसने पुलिस से संपर्क करने के अलावा अपने सभी बैंक कार्ड ब्लॉक करा दिए। पीड़ित ने 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने जेप्टो की सुरक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सक्रिय धोखाधड़ी के बावजूद कंपनी की ओर से समय पर कोई सहायता नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना सर्वेक्षण के लिए विभाग ने कसी कमर, मास्टर ट्रेनर्स ने 5,424 कर्मियों को दी विशेष ट्रेनिंग



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गन्ना सर्वेक्षण प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए गन्ना विकास विभाग ने विस्तृत एवं चरणबद्ध प्रशिक्षण की कार्ययोजना लागू कर दी है।इसके तहत वैज्ञानिकों एवं किस्मों की जानकारी रखने वाले कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर्स बनाकर विभाग एवं चीनी मिलों के 5,424 कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान दिया गया है। अब मिश्रित किस्मों, मानकों पर खरे न उतरने वाले (अस्वीकृत) गन्ने के प्लाटों की पहचान करने का किया जा रहा है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान गन्ने की किस्मों की पहचान, उनके भौतिक एवं वैज्ञानिक लक्षणों, फील्ड निरीक्षण की प्रक्रिया और रिपोर्टिंग प्रणाली की जानकारी दी गई है। योजना माध्यम से केवल संस्तुत एवं उच्च उत्पादकता वाली किस्मों की ही बोआई कराने और अस्वीकृत व कम उपज देने वाली किस्मों को विस्थापित कराया जाएगा। आगे खड़े गन्ने का सर्वेक्षण कर, समाप्त गन्ना वाले प्लाटों की पर्चियों को निरस्त किया जाएगा। वास्तविक गन्ना धारक किसानों की पर्चियों का पुनः निर्धारण करने के साथ बसंतकालीन बोआई के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को माइक्रोप्लान भी लागू किया जाएगा।

# एच ए एल के सी एस आर फंड से अनैया खरगापुर को मिली बड़ी सौगात

**जिला पंचायत सदस्य के प्रयासों से तैयार हुआ भव्य बारात घर**

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अनैया खरगापुर के क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी और सुखद खबर सामने आई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड से लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भव्य बारात घर अब पूरी तरह बनकर तैयार होने की कगार पर है, जिसे बहुत जल्द आम जनता को समर्पित किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण जनोपयोगी परियोजना को धरातल पर उतारने में जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज के अथक प्रयासों की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही इस सुविधा को एच ए एल के सी एस आर फंड के माध्यम से साकार किया गया है। यह बारात घर भविष्य में विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अंतिम चरण में पहुंच गया है। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर निर्माण कार्य देख रहे सिविल इंजीनियर एस.के. मौर्य एवं एच ए एल के एजीएम रितेश सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान हरिकृष्ण भारद्वाज की भी उपस्थिति रही। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता और कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कर जनता के लिए खोलने का भरोसा दिलाया। क्षेत्रवासियों में इस सौगात को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एवं जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि यह बारात घर क्षेत्र के सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा और वर्षों तक लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा।

# लखनऊ में बनेंगे 6 हैलीपेड, सीतापुर-उन्नाव और हरदोई में भी जमीन चिह्नित; मांगी रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लखनऊ मण्डल में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जनपद/तहसील/ब्लाक मुख्यालयों पर बनने वाले हैलीपैडों के निर्माण को लेकर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शनिवार को वर्चुअल बैठक की। बैठक में मण्डल के समस्त जिलों के मुख्य विकास अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने अपने जिलों की स्थिति से अवगत कराया। लखनऊ में छह स्थलों पर हैलीपैड निर्माण की बात कही गई। इनमें सभी स्थलों का चयन पूरा करने का दावा किया गया। इस पर मंडलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि स्वीकृति के लिए बजट व परियोजना से जुड़ी जानकारी भेजी जाए। रायबरेली में 16 स्थलों के सापेक्ष आठ स्थानों का चयन किया गया है। सीतापुर में 18 स्थलों पर हैलीपैड निर्माण प्रस्तावित है, छह स्थलों का चयन किया गया है, दो स्थलों पर हाई-टेंशन विद्युत लाइन होने के कारण पुनः स्थल चयन किए जाने की आवश्यकता बताई गई। खीरी में प्रस्तावित 14 स्थलों में से आठ स्थलों का चयन का काम पूरा कर लिया गया है। उन्नाव में 16 स्थलों में से 15, हरदोई में 19 स्थलों का चयन का काम पूरा कर लिया गया है। मण्डलायुक्त द्वारा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में अनुबन्ध गठन की स्थिति की भी समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत स्वीकृत कुल 1,117 कार्यों में से अब तक 770 कार्यों के अनुबन्ध की जानकारी अभियंताओं ने दी। अभियंताओं ने बताया कि 100 कार्यों के स्वीकृति-पत्र निर्गत किए जा चुके हैं, जिनके अनुबन्ध नौ फरवरी, 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

# साइकिल और बाइक की आमने-सामने टक्कर से बुजुर्ग की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात साइकिल और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में साइकिल सवार बुजुर्ग और बाइक सवार युवक घायल हो गए।पुलिस की मदद से उन्हें सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।जबकि युवक का प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। फिलहाल पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाहै। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के हसनगंज स्थित बिशन खेड़ा निवासी बाबूलाल (65) शुक्रवार रात करीब 8 बजे शेखूपुर स्थित अपने खेत से काम कर साइकिल से बनी - मोहान रोड होते हुए वापस अपने घर जा रहे थे। तभी बंथरा स्थित गोंदौली गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार पल्सर बाइक सवार ने उनकी साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में बाबूलाल और बाइक सवार उन्नाव के हसनगंज स्थित अजमत गढ़ी खागा निवासी बबलू घायल हो गए।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि बबलू का प्राथमिक इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी। बाद में पुलिस ने बाबूलाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस मामले में मृतक के भाई उन्नाव के माखी थाना अंतर्गत खड़हरा मजरा हमीरपुर निवासी पंचम ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ज्वैलरी शॉप में अचानक लगी आग, दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा कस्बे में बीती रात कानपुर रोड स्थित एक ज्वैलरी शॉप में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बंथरा कस्बा निवासी रमाशंकर वर्मा कानपुर रोड किनारे स्थित अपने मकान में परिवार के साथ रह कर मकान के अगले हिस्से में सोने चांदी के गहनों की दुकान संचालित करते हैं, जबकि पीछे की ओर वह अपने बेटे छोटकऊ और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते हैं। शनिवार रात रोज की तरह दुकान बंद कर सभी लोग पीछे बने कमरों में सोने चले गए थे।इसी दौरान रात करीब 12 बजे दुकान में अचानक विद्युत शार्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें दुकान के बाहर निकलती देख पड़ोसियों ने शोर मचाया और तुरंत रमाशंकर वर्मा को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही रमाशंकर वर्मा और उनके परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर निकल आए।इसके बाद स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एफएसओ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में दो दमकल गाड़ियां तथा आलमबाग फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान विद्युत केबल के माध्यम से आग पड़ोसी कन्हैयालाल के घर के सामने तक पहुंच गई, जहां तारों में आग लगने से तेज धमाके हुए और लोग दहशत में आ गए।घटना स्थल कानपुर हाईवे के किनारे होने के कारण काफी देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।इस घटना में फि लहाल कितना नुकसान हुआ है, अभी इसका आकलन नहीं हो सका है। लेकिन लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहनों के जलकर नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह कि समय रहते दुकान मालिक और उनका परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटा है।

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 80 हजार उपभोक्ता 1229 करोड़ रुपये के बकाएदार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : लाखों रुपये के बकाएदार मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए सिरदर्द बने हैं। बिल संशोधन या बकाया बिल जमा करने के लिए एक दिसंबर से शुरू हुई एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के दो चरण 31 जनवरी को खत्म हो गए। इसका लाभ उठाने सिर्फ 18 प्रतिशत लोग ही आए। साठ दिनों में बिजली चोरों की खूब काउंसिलिंग की गई। घर जाकर ओटीएस की जानकारी दी गई। बताया गया कि पूरा पैसा जमा करेंगे तो कुल बकाए का पहले चरण में पचास प्रतिशत, दूसरे चरण में 45 और तीसरे चरण में चालीस प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके बाद भी 80 हजार से अधिक बिजली चोर ऐसे हैं, जो अपना बकाया जमा नहीं कर रहे हैं। पहले चरण में कुल बिजली चोरों में (98,840) सिर्फ 10 प्रतिशत लोग आए थे। दूसरे चरण में आठ प्रतिशत ही बिजली चोर आगे आए। कुल 18 प्रतिशत बिजली चोर ही पंजीकरण करा पाए हैं। अस्सी हजार बिजली चोरों पर आज भी 1229 करोड़ का राजस्व बकाया है। अभियंताओं के लाख प्रयास के बाद भी साठ दिनों में सिर्फ 26.21 करोड़ रुपये राजस्व आया। 17,900 ने पंजीकरण कराया और इनमें भी 12,862 ही समझदार निकले, जिन्होंने पूरा राजस्व जमा करना उचित समझा। यह स्थिति तब है जब मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जिम्मेदार लगातार 19 जिलों में राजस्व वसूली को लेकर नियमित रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से लेकर मध्यांचल की प्रबंध निदेशक के लाख प्रयास के बाद भी यह आंकड़ा 25 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा।

### तीसरा चरण एक से हो रहा शुरू, 15 प्रतिशत का लाभ

ओटीएस का तीसरा चरण एक फरवरी से शुरू हो रहा है जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस चरण में बकाएदारों को पंद्रह प्रतिशत छूट का लाभ सिर्फ मिलेगा। वहीं बिजली चोरों को चालीस प्रतिशत कुल बकाए का छोड़ा जाएगा। यही नहीं पूरा बकाया जमा कर देने पर बिजली चोरी का मुकदमा भी खत्म करने का नियम है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है क्या तीसरे चरण में अभियंता बिजली चोरों के पंजीकरण कराने का ग्राफ 25 प्रतिशत तक पहुंचा पाएंगे या फिर उससे ज्यादा। फिलहाल वर्तमान में प्रबंधक, बिजली चोरों से राजस्व वसूली के मामले में अभियंताओं से खुश नहीं है।

# प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी ने नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिहं के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यावही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी एवं उनकी टीम द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनाँक 29.01.2026 को थाना मारकुण्डी क्षेत्रान्तर्गत एक वादिया द्वारा थाना मारकुण्डी पर सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री को दुकान से लौटते समय जबरजस्ती उठाकर घर के अन्दर ले जाना,शरीर को हाथ लगाना,शारीरिक सम्बन्ध बनाने की कोशिश करना तथा वादिया के लड़के को जान से मारने की धमकी देना। इस सूचना पर थाना मारकुण्डी में मु0अ0सं0 06/2026 धारा 127,74,351(3) बीएनएस व 7/8/18 पॉक्सो एक्ट बनाम मनोज त्रिपाठी पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से प्राप्त साक्ष्य व बयान के आधार पर धारा 74 के स्थान पर धारा 65(2) की बढ़ोतरी की गयी। आज दिनाँक 31.01.2026 को निशिकान्त राय प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी व उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मनोज त्रिपाठी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

# पडोसी सहित परिवार के सदस्यों पर मकान का ताला तोड़ धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना इलाके मे रहने वाले एक व्यक्ति ने पडोसी सहित उनके परिवार के सदस्यों पर मकान का ताला तोड़ धमकी देने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना थाना इलाके के बंगला बाजार में रहने वाले कृष्ण मोहन रावत के अनुसार बीते 19 दिसंबर वर्ष 25 की सुबह जब वह अपने मकान पर गए, तो देखा कि दोनों मकान के ताले टूटे हुए हैं। पता करने पर पता चला कि राम आसरे और उनके परिवार के सदस्यों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया है। वही पीडित कृष्ण मोहन रावत का आरोप है कि पडोसी राम आसरे की पत्नी सुमन, पुत्री चांदनी और पुत्र संतोष ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।वही पीडित का कहना था राम आसरे और उनकी बहन जमुना देवी ने वर्ष 2016 में उनके खिलाफ दीवानी न्यायालय में मुकदमा दायर किया था, लेकिन न्यायालय ने 28 जुलाई 2025 को उनके पक्ष में आदेश पारित कर दिया है। इसके बावजूद राम आसरे और उनके परिवार के सदस्यों ने उनके मकान का ताला तोड़ उन्हें धमकी दे रहे है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित कृष्ण मोहन रावत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार रिटायर्ड निरीक्षक नापु चोटिल, स्कूटी क्षतिग्रस्त

**पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज,**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आलमबाग कोतवाली इलाके मे बीते तीन सप्ताह पूर्व एक तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी सवार रिटायर्ड निरीक्षक नापु को टक्कर मार फरार हो गया।आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरी निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र राजा सिंह के अनुसार वह लखनऊ से निरीक्षक नापु के पद से रिटायर्ड कर्मचारी है। बीते 7 जनवरी को वह अपनी स्कूटी संख्या यूपी 32 एच जे 2036 से प्रदीप कुमार डे के साथ अमीनाबाद से अपने घर जा रहे थे। आरोप है कि आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित होमगार्ड मुख्यालय चौराहे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी और आरोपित कार चालक फरार हो गया। वही पीडित अनिल कुमार सिंह का कहना था उक्त कार की टक्कर से उनके साथ बैठे प्रदीप कुमार डे स्कूटी सहित गिर गंभीर रूप से चोटिल हो गये और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। जिन्हे चोटिल अवस्था मे इलाज के लिए उन्होंने चरक हास्पिटल, दुबग्गा में कराया जहाँ डाक्टरों ने उनके बाये हाथ की कोहनी पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है।जिसके चलते उन्होंने अपना उपचार कराने के बाद स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से शिकायत करने के साथ पुलिस आयुक्त से मदद की गुहार लगाई है। आलमबाग पुलिस के अनुसार आलाधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपित कार चालक की तलाश की जा रही है।

# टेलीग्राम के माध्यम से घर सामूह के काम का झांसा दे माँ बेटी से हड़पे लाखों रुपए,

लखनऊ ।आशियाना थाना इलाके मे रहने वाली महिला को निशाना बना जालसाजों ने टेलीग्राम के माध्यम से घर सामूह के काम का झांसा दे माँ बेटी से लाखो रुपए आनलाइन हडप लिए। आशियाना थाना इलाके मे रहने वाली महिला पूनम खुराना ने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें घर से काम करने का ऑफर दिया था, जो जल्द ही व्यापार और स्टॉक में बदल गया। उन्होंने बताया कि आरोपी उन्हें एनएसई से प्रमाणित बताकर सबूत दे रहे थे और उन्हें विश्वास दिला रहे थे कि वे उनके पैसे को बढ़ा सकते हैं। जिसके चलते उनके अकाउंट से 2 लाख 30 हजार और उनकी पुत्री के अकाउंट से 4 लाख 30 हजार की राशि निकली है।

# संक्षेप

## युवती ने चार युवकों पर दर्ज कराया छेड़खानी करने का मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से युवती ने चार लोगों पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से युवती ने आरोप लगाया कि गुरुवार को वह नित्यक्रिया करने जा रही थी तभी खेत की तरफ से सौकत अली पुत्र नबाब अली ,लोध पुत्र मजीर, बाबू पुत्र हसीम अली व किस्मत अली पुत्र नबाब अली बेइज्जत करने के उद्देश्य से छेड़खानी करने लगें। मेरे द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने पर गाँव के लोगो के आ जाने पर वे सभी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर में नामित चारो लोगो पर छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर मुकदमे दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंर्तगत दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी। दोनो ही पक्षो द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने 7 लोगो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना क्षेत्र के बजौरा गाँव निवासी दीपेंद्र सिंह पुत्र स्व० अवधेश सिंह ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार शुबह जब वह व्यक्तिगत कार्य से बिहार बसस्टाप गया था तभी मिराज व सोनू व निहार पुत्र अलीअहमद द्वारा अकारण ही गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जिससे मेरा सर फट गया जबकि दूसरे पक्ष से गाँव गढ़ी निवासी अली अहमद पुत्र पीर मो० ने आरोप लगाया कि वह अपने घर मे परिवार समेत मौजूद था तभी स्वीफ्ट डिजायर गाडी से दीपक सिंह पुत्र अवधेश बहादुर सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र अवधेश बहादुर सिंह, ऋशु सिंह पुत्र दीपू सिंह, प्रशात सिंह पुत्र दीपू सिंह मेरे घर में घुस आये व गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जिससे मेरे लडके निहार अहमद, मेराज अहमद, निजाम अहमद व मुझे भी चोटे आयी । आस पास के लोगो के इकट्ठा होने पर ये सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया दोनो ही पक्षो के मेडिकल उपरांत सात लोगो पर गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नगदी व गहने लेकर युवती हुई लापता दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासीयुवक ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी बहन घर से दवाई लेने की बात कह कर सिकंदरपुर कर्ण गई तब से वह घर वापस नहीं आई आस पास पड़ोस एवं परिचित रिश्तेदारों में बहुत पता किया तब पड़ोसियों ने बताया कि आपकी बहन बृजभान सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह निवासी ग्राम हसनापुर पोस्ट भदोही थाना अचलगंज जिला उन्नाव के साथ अपाचे मोटरसाइकिल से जा रही थी युवक ने तहरीर में कहा कि मेरी बहन को गुमराह करके ले गया जो मेरे ?10000 चैन सोने की अंगूठी घर में रखें रुपया 42000 प्रार्थी की बहन के रुपए 26000 विवो फोन साथ में ले गई है प्रार्थी परेशान हैरान है कि प्रार्थी की बहन के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटित हो जाए तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# होनहार बेटी ने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक छोटे से गांव के परिषदीय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाली होनहार बेटी ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम (एफएमजीई) उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि गांवों के प्राथमिक विद्यालय भी प्रतिभा निखारने में किसी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति नया उत्साह और विश्वास जगा है।

क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रहमत अली की बेटी डॉ सना सैय्यद ने प्रारंभिक स्कूली शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय से पूरी की। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की पढ़ाई बांगरमऊ के आर डी एस इंटर कॉलेज से पूरी करने के बाद डॉक्टर सना सैय्यद ने रूस की नॉर्दर्न मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया और वहां से एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद देश की प्रतिष्ठित परीक्षा फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम को भी पहले प्रयास में उत्तीर्ण किया। शिक्षक रहमत अली की पुत्री डॉक्टर सना सैय्यद सात भाई बहनों में सबसे छोटी है।सना सैय्यद गांव की इकलौती बेटी है जिसने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। डॉक्टर सना सैयद के गांव में



खुशी का माहौल है। डॉक्टर सना सैय्यद गांव की उन तमाम सरकारी स्कूलों में पढ़ रही लड़कियों के लिए प्रेरणा भी है। पिता रहमत अली एवं माता शामिना ने हज जैसी पवित्र यात्रा को रोक कर बेटी को डॉक्टर बनने के लिए रूस भेजा। बेटी सना सैयद अपने अटूट इरादे एवं कठिन परिश्रम से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी दौरान उनकी माता शामिना का निधन भी हो गया परंतु वह अपने पक्के इरादों से थोड़ी भी विचलित नहीं हुई। सना सैय्यद को प्राथमिक विद्यालय मदार नगर में पढ़ाने वाले शिक्षक विजय मिश्रा बताते हैं कि डॉक्टर सना सैय्यद शुरूआत से ही बहुत होशियार एवं परिश्रमी थी।

# मौसम ने ली करवट ठंड ने दोबारा दी दस्तक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्रवार देर रात से मौसम ने अचानक करवट ली है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई। शहर के विभिन्न इलाकों में घना कोहरा छा गया, जो शनिवार सुबह तक बना रहा। कोहरे और सर्द हवाओं के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा, जिससे सुबह के समय आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगभग 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवाओं ने सर्दी का असर और बढ़ा दिया। दिनभर धूप निकलने की संभावना कम होने के कारण ठंड से राहत मिलने की उम्मीद भी कम है। घने कोहरे का असर रेल और सड़क यातायात पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया। सुबह के समय कई ट्रेनों की गति धीमी रही और कुछ ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर लंबा इंतजार करना पड़ा। सड़क मार्ग पर भी कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। हाईवे और मुख्य सड़कों पर कम दृश्यता के चलते वाहन धीमी गति से चलते दिखे।

शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सुबह के समय यातायात प्रभावित रहा। कई स्थानों पर वाहन चालकों ने फॉग लाइट का उपयोग किया। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है और विशेष रूप से सुबह व देर रात के समय गति नियंत्रित रखने की सलाह दी है। बढ़ती ठंड के कारण बाजारों में भी रौनक कम दिखाई दी। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। सुबह-शाम लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। यह ठंड गरीब और असहाय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। हालांकि, नगर पालिका ने कुछ स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है। तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन फिलहाल ठंड से बड़ी राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने और मौसम को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

# खड़े लोडर में कार ने मारी टक्कर , एक घायल

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। टायर पंचर होने से एक्सप्रेसवे पर रुके लोडर में पीछे से आकर एक कार ने टक्कर मार दी इस हादसे में लोडर सवार एक घायल को बांगरमऊ से रेफर कर दिया गया। चालक रमेश पुत्र मंशाराम निवासी सईखुर्द थाना मलानी डुगर जनपद सवाई माधोपुर एक पिकअप लोडर में अमरूद लोडकर अपने ग्रह जनपद से लखनऊ लेकर जा रहा था तभी शनिवार की सुबह करीब 4:30 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव देवखरी के निकट उसका एक टायर पंचर हो गया जिससे वह वाहन रोककर उसमें टायर बदलने की तैयारी कर रहा था इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने लोडर में पीछे से टक्कर मार दी घटना समय नीचे खड़े लोडर सवार हनुमान मीना पुत्र जेना प्रसाद निवासी कुंदरा जनपद सवाई माधोपुर घायल हो गया जिसे बांगरमऊ




अस्पताल से रेफर कर दिया गया। वही लोडर में चालक सहित तीन अन्य लोग सवार थे जो बाल बाल बच गए जबकि टक्कर मारने वाली कार सवार लोग इटावा से दही उन्नाव जा रहे थे वह भी बाल बाल बच गए।

# भ्रष्टाचार की सीएम से शिकायत करने जा रहे युवक को पुलिस ने आश्वासन देकर किया वापस

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। ग्राम सभा में विकास कार्यों मे व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच न होने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने जा रहे शिकायतकर्ता को पुलिस ने रास्ते रोंक कर जांच का आश्वासन देकर वापस लौटा दिया विकासखंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत कल्याणपुर प्रथम में विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर शिकायतकर्ता समाजसेवी बृजेन्द्र शुक्ला शनिवार को मुख्यमंत्री आवास जाने के लिए घर से निकलने थे । जिसकी जानकारी मिलने पर शासन प्रशासन सहित पुलिस शतर्क हो गई । पुलिस ने बृजेन्द्र के मोबाइल लोकेशन के आधार पर उन्हें थाना क्षेत्र के पनहन चौराहे पर रोक लिया । पुलिस द्वारा रोके जाने पर श्री



शुक्ला अनशन पर बैठ गये । सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति का पत्र दिखा कर 10 दिनों मे जांच कराने का आश्वासन दिया ? । नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद श्री शुक्ला ने अनशन समाप्त कर वापस लौट आए । उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई बार शिकायत कर चुके है । लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही हुई । यदि 10 दिनों मे स्थलीय निरीक्षण कर जांच नही होती तो पुनः लखनऊ जा कर मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे । इस मौके पर थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर , राजस्व निरीक्षक अजय सिंह , नरेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी पाटन मौजूद रहे ।

# मौरंग लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा बड़ा हादसा टला

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव साल्हे पुर पुरवा मे सुबह मौरंग लेकर जा रहा ट्रक अचानक पलट गया जिससे चालक को कंडेक्टर को मामूली चोट आई। वहीं उधर से गुजर रहे ग्रामीण ट्रक पलटता देख भाग खड़े हुए जिससे सभी बाल बाल बच गए कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।

क्षेत्र में बन रही एक सडक के लिए मऊ गांव निवासी चालक मोहित ट्रक में मौरंग लेकर जा रहा था। अभी चालक ट्रक लेकर सालेहपुर पुरवा गांव के निकट पहुंचा ही था की अचानक पिछला टायर फट जाने से ट्रक पलट गया जिससे लोग बाल बाल बच गये। ट्रक पलटने से ड्राइवर को मामूली चोट लगी जिसका स्थानीय स्तर पर उपचार किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चूरमा गांव में शुक्रवार देर रात एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय सूरज पुत्र राम अवतार, निवासी मखदुमपुर चूरमा के रूप में हुई है।

ग्रामीणों ने देर रात गांव के बाहर स्थित एक आम के बाग में सूरज का शव फंदे से लटका देखा था। सुबह शौच के लिए गए कुछ लोगों ने शव देखकर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया गया। इसके बाद पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार, सूरज अविवाहित था और परिवार के साथ गांव में ही रहता था। वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि सूरज किसी बात को लेकर परेशान रहता था लेकिन अभी स्पष्ट कार्यों का लेकिन, कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक किसी मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या अन्य किसी कारण से परेशान तो नहीं था। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गंदगी से बजबजा रही नालियां सड़कों पर भर रहा गंदा पानी



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमाल नगर गैर एहत माली के मजरे अमरा खेड़ा गांव में साफ-सफाई के अभाव में स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सफाई न होने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से कोई सफाई कर्मचारी गांव में नहीं आया है। सभी नालियां बंद पड़ी हैं, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय निवासी सुनील कुमार रावत ने बताया कि सालों से सफाई न होने के कारण गांव की सड़कें खराब हो रही हैं और राहगीर अक्सर चोटिल होते हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी जगन्नाथ मिश्रा से संपर्क किया गया। उन्होंने गांव में फैली गंदगी के बारे में बताया कि ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हादसे में बाइक सवार मामा भांजे गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार मामा भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को यूपीडा रेस्क्यू टीम ने यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां के चिकित्सकों ने दोनों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दिल्ली शहर के मोहल्ला 37 नांगलोई निवासी आनंद पांडेय 18 वर्ष पुत्र रमेश पांडेय अपने भांजे शिवम पांडेय 17 वर्ष पुत्र दिनेश पांडेय के साथ बाइक द्वारा मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने सुल्तानपुर जा रहे थे। रास्ते में आज शनिवार की शाम बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर संख्या 244 पर ग्राम जोगीकोट के निकट तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में मामा-भांजे दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। एक्सप्रेस वे से गुजर रहे वाहन चालकों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम एंबुलेंस से दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल मामा-भांजे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तहसील परिसर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील परिसर में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। तमाम दावों के बावजूद चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गत शुक्रवार को तहसील परिसर से एक बाइक चोरी होने की घटना सामने आई, जिससे कर्मचारियों व फरियादियों में आक्रोश व्याप्त है। घटना ने परिसर में तैनात सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासी रामनारायन पुत्र रामआसरे गत शुक्रवार को परिवार रजिस्टर की नकल हेतु तहसील में किसी वकील से हलफनामा बनवाने आया था। रामनारायन तहसील परिसर में स्थित मंदिर के निकट बाइक खड़ी कर वकील के बस्ते पर हलफनामा बनवाने लगा। हलफनामा बनवाने के बाद रामनारायन जब मंदिर के निकट बाइक लेने पहुंचा तो बाइक नदारत मिली। रामनारायन ने इधर-उधर बाइक को खोजा लेकिन कहीं नहीं मिली। अंत में पीडित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। मालूम हो कि एक माह पूर्व तहसील परिसर से कई बैटरी व अन्य सामान चोरी हो चुका हैं। जिसे लेकर वकीलों ने काफी बवाल किया था। तब कोतवाली पुलिस ने तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का वादा किया था। लेकिन तहसील परिसर से बाइक चोरी की घटना ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।

# चांव इंटरप्राइजेज कंपनी के सुपरवाइजर की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत तकिया रेलवे स्टेशन पर सुंदरीकरण कार्य करा रही कंपनी के सुपरवाइजर व उसके मजदूरों को स्कोर्पियो से आये युवकों द्वारा धमकाने पर सुपरवाइजर ने मुकदमा दर्ज कराया है। अमृत रेलवे स्टेशन के तहत तकिया रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण प्रगति पर है। सुंदरीकरण करा रही चांव इन्टर प्राइजेज एल एल कंपनी के सुपरवाइजर विद्या सागर शोर्य प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो काली स्कोर्पियो में सवार 10 से 15 लोग व गोले सिंह पुत्र अज्ञात द्वारा कंपनी के मजदूरों के साथ साथ मेरे साथ भी गाली गलौज की गई साथ ही कार्य को बन्द करने व जान माल की धमकी दी गयी जिससे मजदूरों में भय ब्यापत हो गया है। तहरीर में स्कोर्पियो नंबर का भी उल्लेख किया गया है।

# समाज को एकजुट रहकर राष्ट्र को वैभवशाली बनाना है

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हिंदू समाज की एकता अक्षुणता ही देश को महान बना सकती है उक्त विचार सकल हिंदू समाज सम्मेलन में असोहा खंड के कुटी बीर धाम में बोलते हुए मुख्य अतिथि अमरजीत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचारक ने कही उन्होंने कहा खड्यंत्र के तहत हिंदू समाज को बांटने का कुचक्र रचा जा रहा है जिससे शक्ल हिंदू समाज को सजग रहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हो रहे हिंदू समाज सम्मेलनों की कड़ी में जुड़कर काम करना होगा संघ द्वारा पनच परिवर्तन के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन प्रदूषण विषयों पर संघ काम कर रहा हैउन्होंने कहा कि समाज की ताकत की बदौलत ही आज दुनिया में गर्व से कहो हम हिंदू हैं कहा जा रहा है समाज को चाहिए कि कु प्रथाओं से दूर रहते हुए अब किसी भी कीमत पर सजक रहते हुए राष्ट्रवाद समाज का काम करना होगा इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संजय शुक्ला ने मुख्य अतिथि व जिला प्रचारक संदीप जिला सह संघ संचालक रणेनद को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड सह कार्यवाह बलराम संघ चालक सुनील सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में सकल हिंदू की समाज के लोगों ने भाग लिया।

## मंदिर के पुजारी की बीमारी के चलते हुआ निधन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र के पट्टी उस्मान गांव मे स्थिति शनि मंदिर के पुजारी की बीमारी के चलते मौत हो गई । जिससे गांववासियों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सभी के सहयोग पुजारी का अंतिम संस्कार विधिविधान से बहेलवा घाट पर करा दिया । गांव पट्टी उस्मान मे स्थिति हनुमान मंदिर में बने शनि मंदिर के पुजारी निवासी जिला फतेहपुर के सुभाष पाल उम्र लगभग साठ वर्ष लगभग दस वर्ष से यहां रहकर मन्दिर में पूजा पाठ करते थे। शुक्रवार शाम को मंदिर का पूजा पाठ करके आराम करने लगे। सुबह ग्रामीणों ने उन्हें मृत देखा तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई।ग्रामीणों का कहना है लंम्बे समय से स्वांस की बीमारी से ग्रसित थे।

## सम्पादकीय

# पवार हादसा और वीवीआईपी हवाई सुरक्षा पर उठते सवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु केवल एक व्यक्ति की असमय विदाई नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर कठोर प्रश्नचिह्न है, जो वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताती है पर व्यवहार में बार-बार असफल होती दिखाई देती है। बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें पवार सहित पांच लोगों की जान चली गई। देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तकनीक, नियम और निगरानी के बीच कहीं गंभीर चूक है, जो वीवीआईपी समेत आमजन पर भी भारी पड़ती है। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार, विमान ने लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने पर दोबारा उतरने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश में विमान रनवे से पहले ही गिर पड़ा और आग लग गई। न आपात संकेत भेजा गया, न 'मेडे' कॉल। तकनीकी खराबी और लैंडिंग गियर की समस्या की आशंका जताई जा रही है। फिर भी, यह प्रश्न अभी से उठ खड़ा हुआ है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम-प्रबंधन उतना सुदृढ़ है, जितना दावा किया जाता है। यह हादसा किसी एक क्षण की गलती का परिणाम हो सकता है पर इसके पीछे की पृष्ठभूमि लंबी है। छोटे हवाई अड्डों की सीमित संरचना, निजी चार्टर सेवाओं की निगरानी, मौसम और नेविगेशन सूचना की गुणवत्ता और सबसे अहम, निर्णय लेने की प्रक्रिया में दबावों की भूमिका। जब उड़ानें समय-सारिणी और राजनीतिक कार्यक्रमों से बंध जाती हैं तो क्या सुरक्षा के निर्णयों पर अनकहा दबाव बनता है? यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने विमान हादसों में अपने नेतृत्व को खोया है। अजित पवार की दुर्घटना हमें उन पुराने जख्मों की याद दिलाती है, जो समय के साथ भी भरे नहीं हैं। संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी, सीडीएस बिपिन रावत, होमी जहांगीर भाभा, विजय रूपाणी और ओपी जिंदल व चौधरी सुरेंद्र सिंह जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं, संस्थागत क्षति के प्रतीक थे। हर बार शोक व्यक्त हुआ, जांच बैठी, रिपोर्टें आईं पर क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू हुए? यदि होते, तो ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहरातीं? यह केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रश्न है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का जीवन निजी नहीं होता। उनका अस्तित्व शासन की निरंतरता, नीति-निर्माण और सार्वजनिक हित से जुड़ा होता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को भावनात्मक सहानुभूति के बजाय संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। वीवीआईपी उड़ानों के लिए स्वतंत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट, पायलट के निर्णय की पूर्ण स्वायत्तता, आधुनिक नेविगेशन और लैंडिंग सहायता प्रणालियों की अनिवार्यता ये अब विकल्प नहीं, आवश्यक शर्तें हैं। विशेषकर छोटे हवाई अड्डों पर संरचनात्मक मानकों की समीक्षा जरूरी है। रनवे की दृश्यता, ग्राउंड-सपोर्ट सिस्टम, मौसम-डेटा की रियल-टाइम उपलब्धता और आपात प्रतिक्रिया की तैयारी इन सब पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निजी चार्टर कंपनियों पर भी वही सख्त नियम लागू होने चाहिए जो वाणिज्यिक उड़ानों पर होते हैं और उल्लंघन पर दंड केवल कागज़ी न रहकर वास्तविक और प्रभावी होना चाहिए। नागर विमानन मंत्रालय को एक व्यापक 'नेशनल वीवीआईपी एयर सेफ्टी पॉलिसी' लागू करनी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इस त्रासदी से व्यवस्था बदलें, ताकि भविष्य में कोई उड़ान, कोई जीवन और कोई जिम्मेदारी इस तरह अधर में न रहे।



**नमन**
नृपेन्द्र अभिषेक नृप

# राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार

> अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, विमान लैंडिंग हादसे का शिकार हो गए। उनकी पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने 'दादा' कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था– एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

बुधवार की सुबह, जब महाराष्ट्र की राजनीति नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने वाली थी, एक ऐसी खबर ने सबको हैरान कर दिया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, अपने निजी विमान से बारामती की ओर जा रहे थे, तब उनका विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पवार सहित सभी सवारों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक अधिकारियों के अनुसार लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान संतुलन खो बैठा और रनवे के पास ही जोरदार टक्कर के साथ क्रैश-लैंड हो गया, जिससे यह भयावह दृश्य बना।

यह दुर्घटना राज्य के लिए एक बड़ा सदमा है, जिसने राजनीतिक, प्रशासनिक और जनता के सामूहिक मन को झकझोर दिया है। अजित अनंतराव पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के देओलाली-प्रवरा में हुआ था। वह एक राजनीतिक परिवार से थे, जिनके चाचा शरद पवार भारतीय राजनीति के अग्रणी नेतृत्व रहे हैं। युवा अवस्था से ही उन्होंने राजनीति में रुचि विकसित की और समाज सेवा तथा संगठनवाद में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक सफ़र सहकारी आंदोलन से शुरू हुआ। 1982 से उन्होंने स्थानीय और ग्रामीण राजनीतिक कार्यों में भाग लिया और जल्दी ही अपने तेज़ संगठनात्मक कौशल के कारण लोकप्रिय हो गए। 1991 में उन्होंने बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद वे महाराष्ट्र राजनीति के केंद्र में आ गए। उनकी राजनीतिक यात्रा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में 16 वर्ष तक काम किया, जहां से उन्हें ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। इससे उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बनाया गया। वह बारामती निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लगातार विधायक चुने गए और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे कृषि, बागवानी, बिजली, जल संसाधन और वित्त एवं योजना मंत्रालयों का नेतृत्व किया। विशेष रूप से जल संसाधन विभाग में उन्होंने कृष्णा घाटी तथा कोकण सिंचाई जैसी परियोजनाओं पर काम किया, जिससे कृषि-आधारित समुदायों को व्यापक लाभ हुआ। अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनूठा योगदान दिया। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत से राज्य के शासन में कई महत्वपूर्ण पद संभाले और विविध सरकारों में अपना स्थान बनाए रखा। 2010 में उन्हें पहली बार उपमुख्यमंत्री का पद प्राप्त हुआ, लेकिन 2013 में सिंचाई घोटाले के आरोपों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में क्लीन चिट मिलने के बाद वे फिर से पद पर लौट आए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक चुनौतियों ने भी उनके सामर्थ्य को कम नहीं किया। आज वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्रियों में से एक माने जाते थे, और उनके प्रशासनिक कौशल तथा संगठन शक्ति की वजह से उन्हें विशेष सम्मान मिला। उनके योगदान ने कई योजनाओं और नीतियों को आकार दिया, जिससे राज्य के विकास की दिशा प्रभावित हुई।

राजनीति में किसी भी नेता का सफ़र विवादों से मुक्त नहीं रहता और पवार भी इससे अछूते नहीं थे। 2013 में



दिया गया एक विवादित बयान जब आलोचना की भेंट चढ़ा, तब उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। इसके अलावा 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को धमकाने के आरोप भी लगे। समय-समय पर भ्रष्टाचार तथा पद दुरुपयोग के मुद्दों ने भी उनके राजनीतिक जीवन को जटिल बना दिया। लवासा लेक सिटी जैसी परियोजनाओं में कथित मदद के आरोपों ने भी उनके व्यवहार को लेकर सुर्खियां बनाईं। इन विवादों के बावजूद उनका जन-समर्थन और राजनीतिक प्रभाव कम नहीं हुआ, बल्कि उनके प्रशंसकों का मानना रहा कि प्रशासनिक क्षमता तथा संगठनात्मक कौशल ने उनके विवादों को परास्त किया। उनकी राजनीतिक छवि अक्सर विरोधाभासी रही, जहां एक ओर आलोचक उन्हें कठोर राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल मानते थे, वहीं समर्थक उन्हें एक कुशल, अनुभवी और लोक-सम्मानित नेता के रूप में देखते थे। इसी विरोधाभासी छवि ने उन्हें महाराष्ट्र राजनीति का एक मजबूत स्तम्भ बनाया। अजित पवार की पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने "दादा" कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। बारामती और उसके आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने जल कृषि, आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश के माध्यम से उन समुदायों को सीधे रूप से लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कई योजनाएं और बजट पर निर्णय महाराष्ट्र की आर्थिक दिशा में स्थिरता और विकास का आधार बने। उनका नाम कई बार राज्य के बजट तैयार करने वाले नेता के रूप में भी सामने आया, क्योंकि उन्होंने वित्तीय मामलों में गहरी समझ और विस्तृत बारीकी दिखाई। अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब-जब भी गठबंधन सरकारों के बीच सत्ता के समीकरण बदलते, पवार अपनी समझदार रणनीतियों के कारण राजनीतिक निर्णयों पर असर डालते रहे। उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ ने अक्सर नीतिगत दिशा को प्रभावित किया, और कई बार गठबंधन निर्णय उनके प्रभाव के बिना सम्भव नहीं थे। यह अकेला कोई कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कला थी, जिसमें उन्होंने संगठन शक्ति, कौशल और प्रशासनिक अनुभव को शासकीय निर्णयों के साथ जोड़कर एक संगठित राजनीति की मिसाल पेश की। कई विश्लेषक मानते हैं कि उनके अनुभव की वजह से शासन-प्रशासन में संतुलन बन रहा था और निर्णय लेने में उनकी भूमिका निर्णायक थी।

आज पवार के अचानक निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक विशाल खालीपन महसूस किया जा रहा है। एक ऐसा नेता जिसने न केवल राजनीतिक मशीनरी को समझा, बल्कि उसे दिशाहीन समयों में भी मजबूती से थामा, अब नहीं रहे। उनकी मौत से यह स्पष्ट होता है कि राजनीति केवल पदों और शक्ति का नाम नहीं है; यह एक जन-सम्बंध, प्रशासन क्षमता, दूरदर्शिता और संघर्ष का मिश्रण है। पवार ने इन सभी चरित्रों को अपने जीवन में बख़ूबी अपनाया और महाराष्ट्र की राजनीति के इतिहास में अपनी एक स्थायी पहचान बनाई। आज वे नहीं हैं, पर उनकी याद, चर्चा और उनके कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक राजनीति के परिदृश्य पर देखा जाएगा। अजित पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

**आर्थिकी**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# विकास केंद्रित रणनीतिक बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में जहां भारत के यूरोपीय संघ ( ईयू) सहित विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए कारोबार और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में साहसिक सुधारों की गति बढ़ाने की रणनीति होगी, वहीं 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने की भी विशेष रणनीति होगी। साथ ही गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की शृंखला सामने है। वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री की मुट्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं।

नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। उम्मीद करें कि नया बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा।


# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लाला लाजपतराय जी का प्रेरणादायक जीवन


भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बनें। इन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब में हुआ था। वह लेखक, वकील, क्रांतिकारी और बहुत से अच्छे गुणों से परिपूर्ण थे। उनका देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध वर्ष 1928 में किया था। इस विरोध के कारण उन पर लाठीचार्ज भी हुआ था। उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी की उपाधि से नवाजा गया था। उन्होंने आर्य समाज के लिए भी काम किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है।

*– प्रतीक जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज विवि ने भारत में नया शोध केंद्र किया शुरू

ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एक नए शोध केंद्र की शुरुआत और शीर्ष स्तर के स्नातक छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रवेश मार्गों की घोषणा की है।



विश्वविद्यालय ने बताया कि 'कैम्ब्रिज -इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज' (सीएएस) नवाचार, शोध और शिक्षण पर केंद्रित होगा तथा ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालय और भारत की तेजी से बढ़ती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। यह नया केंद्र भारत में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा और बौद्धिक आदान-प्रदान, नीति निर्माण में योगदान और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देगा। कैम्ब्रिज की कुलपति डेबोरा प्रेंटिस ने कहा, कैम्ब्रिज -इंडिया सीएएस भारत के श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग स्थापित करने और इस तेजी से बढ़ती ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ संबंध मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है। इस सप्ताह दिल्ली आए वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ सीबीएसई की 12वीं कक्षा की योग्यता को मान्यता देगा।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि



पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

# फोन हैकिंग के प्रयास को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जाता?

आज का मोबाइल फोन केवल कॉल करने या संदेश भेजने का साधन नहीं है। यह हमारी डिजिटल पहचान, आर्थिक सुरक्षा, निजता, सामाजिक प्रतिष्ठा और कई बार व्यक्तिगत सुरक्षा का केंद्र बन चुका है। इसके बावजूद जब किसी व्यक्ति द्वारा फोन हैक करवाने या उसका प्रयास किए जाने की शिकायत सामने आती है, तो उसे अक्सर यह कहकर टाल दिया जाता है कि, "हैक तो हुआ नहीं, नुकसान क्या हुआ?" यही सोच इस पूरे विषय की सबसे बड़ी और खतरनाक भूल है। अपराध परिणाम से नहीं, इरादे और प्रयास से तय होता है। कानून में अपराध की परिभाषा केवल इस बात से नहीं होती कि अंतिम परिणाम क्या रहा, बल्कि इस बात से होती है कि इरादा (**Mens Rea**) क्या था और प्रयास (**Attempt**) किया गया या नहीं। जिस प्रकार- हत्या का प्रयास भी अपराध है, चोरी का प्रयास भी दंडनीय है। उसी प्रकार फोन हैक करने का प्रयास भी एक गंभीर साइबर अपराध है, भले ही वह तकनीकी कारणों से सफल न हो पाया हो। इसके बावजूद व्यवहार में **FIR** दर्ज नहीं होती, मामला **Non Cognizable** बताकर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, पीड़ित को मानसिक, सामाजिक और कानूनी रूप से अकेला छोड़ दिया जाता है, यह प्रवृत्ति कानून की भावना के विपरीत है।

***फोन हैकिंग : कानूनी रूप से कितना मजबूत मामला है***

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत फोन हैकिंग या उसके प्रयास पर कई सशक्त धाराएँ लागू होती हैं। धारा 43 / 66 : बिना अनुमति डिजिटल सिस्टम तक पहुँच। धारा 66**C** : डिजिटल पहचान (**OTP**, **SIM**, अकाउंट) का दुरुपयोग। धारा 66**D** : धोखाधड़ी की नीयत से कंप्यूटर संसाधन का प्रयोग। धारा 72 : गोपनीयता का उल्लंघन।

इसके अतिरिक्त **IPC** की धाराएँ 419, 420, 506 और महिलाओं के मामलों में 354**D** ,भी परिस्थितियों के अनुसार लागू होती हैं। स्पष्ट है कि कानून में हैकिंग का प्रयास स्वयं में दंडनीय अपराध है, बशर्ते इरादा और तैयारी सिद्ध हो, जो आज के डिजिटल युग में चैट, कॉल रिकॉर्ड, ट्रांजैक्शन और बयानों से संभव है। जब एक से अधिक लोग शामिल हों : यह आपराधिक साजिश है। वास्तविकता यह है कि फोन हैकिंग प्रायः किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होती। अक्सर इसमें निर्देश देने वाला तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति (हैकर) और सहयोगी या आर्थिक लेन-देन से जुड़े लोग शामिल होते हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-**B** (आपराधिक साजिश) स्वतः लागू होती है। यदि दो या अधिक व्यक्ति किसी अवैध कार्य को करने या करवाने पर सहमत होते हैं, तो भले ही अपराध पूर्ण न हुआ हो, साजिश स्वयं एक स्वतंत्र अपराध है। इस पहलू की अनदेखी कर देना अपराधियों को सीधा लाभ पहुंचाता है। "कम पैसे में हैकर लगाया गया" या कम राशि में **hacker** तैयार हुआ काम को अंजाम देने के लिए इसलिए **hacking** संभव ही नहीं है।

***एक खतरनाक भ्रम है :*** अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि यदि हैकर को कम राशि दी गई हो, या भुगतान पूरा न हुआ हो, तो अपराध गंभीर नहीं माना जा सकता। यह धारणा पूरी तरह गलत है।

***हैकिंगः*** एक तकनीकी क्षमता है। यह आवश्यक नहीं कि हर बार पैसे के बदले ही की जाए, तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति इसे मुफ्त में भी कर सकता है। कानून के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं कि कितने पैसे दिए गए, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि किस उद्देश्य से डिजिटल गोपनीयता में सेंध लगाने का प्रयास किया गया। राशि कम होने से अपराध न तो हल्का होता है, न वैध।

*- शारदा सिंह*

## संक्षेप

### एनसीसी छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

**अमेठी के गौरीगंज में लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, गौरीगंज कस्बे में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में एनसीसी के छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। रैली का नेतृत्व एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता ने किया। इस दौरान पीटीओ, जिले के यातायात प्रभारी और उनकी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। छात्रों ने 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' जैसे नारे लगाए। परिवहन विभाग द्वारा सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें यातायात माह और यातायात सप्ताह भी शामिल हैं। इसी कड़ी में यह जागरूकता रैली आयोजित की गई थी। एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने और दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की।

### कटरा महारानी में सपा का मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान

**विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा ने भाजपा पर साधा निशाना**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी, स्थानीय विकासखंड की कटरा महारानी ग्राम पंचायत में समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा एक मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान बूथ स्तर पर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएआर) प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर सपा विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज को हिंदू-मुस्लिम और अगड़े-पिछड़े के नाम पर बांटकर सत्ता में आना चाहती है। वर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा मतदाताओं को सूची से हटाने की साजिश रच रही है, जिसके प्रति सभी को जागरूक रहना चाहिए। घनश्याम वर्मा ने भी सभा को संबोधित किया और लोगों से भाजपा की 'चालाकी' से सावधान रहने का आग्रह किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची में अंकित कराएं। उन्होंने उन लोगों को सलाह दी, जिन्हें मतदाता सूची से संबंधित कोई नोटिस मिला है, वे अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी कर संबंधित अधिकारी के पास शीघ्र फॉर्म जमा करें। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रामकृष्ण यादव, सुंदरलाल, जितेंद्र यादव, अमरनाथ और मनु पाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने मतदाता सूची के एसएआर फॉर्म को शुद्ध करने का संकल्प लिया।

# जीआईसी रमपुरवा में आयोजित हुआ एक दिवसीय करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग मेला

## छात्र-छात्राओं के स्टालों को मुख्य अतिथि की सराहना मिली

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा में शनिवार को एक दिवसीय करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मेडिकल, प्रवीन कुमार सिंह के निर्देशन में इंजीनियरिंग, डॉ अश्विनी कुमार सिंह के निर्देशन में सिविल सर्विसेज, डॉ मुन्ना कुमार आर्य के निर्देशन में ज्यूडिशरी, नीरज कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में जर्नलिज्म, अनिल कुमार के निर्देशन में बैंकिंग, पंकज अवस्थी के निर्देशन में कृषि, विनय कुमार के निर्देशन में डिफेंस सर्विसेज, अनिल कुमार के निर्देशन में एविएशन, शिवम शुक्ला के निर्देशन में उद्यमिता, डॉ कमल किशोर शुक्ल के निर्देशन में टीचिंग, अजय कुमार सिंह और प्रियरंजन के निर्देशन में स्पोर्ट्स, मो रफी अहमद अंसारी के निर्देशन में ब्यूटीशियन फैशन डिजाइनिंग, अनुराग अवस्थी के निर्देशन में कौशल विकास, अभय कुमार श्रीवास्तव और सिद्धनाथ सिंह के निर्देशन में आईटी और व्यावसायिक शिक्षा के स्टाल लगाएं गए। साथ में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नोडल महेंद्र प्रताप सिंह और मो रफी के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी बहराइच वीरेश कुमार रहें। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पांडेय ने की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह और मो रफी अहमद अंसारी ने मुख्य अतिथि और अन्य पदाधिकारियों के साथ छात्र-छात्राओं की ओर से लगाएं गए स्टालों का अवलोकन किया और उन सबके द्वारा जानकारियां ली गयी। छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथियों से सवाल भी किए। उन्होंने सवाल का जबाब भी दिया। मुख्य अतिथि वीरेश कुमार व प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रियरंजन कुमार और अरविन्द मिश्रा के निर्देशन में समस्त विद्यालय परिवार का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अंबरीष शुक्ला ने किया।



# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता कैंप आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को रुपईडीहा के समस्त बूथों पर मतदाता जागरूकता एवं नए मतदाताओं को जोड़ने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कैंप का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ना, मतदाता सूची में नाम संबंधी त्रुटियों को सुधारना तथा नागरिकों को अपना नाम सूची में जांचने का अवसर प्रदान करना था। बूथ संख्या 16 के बीएलओ अनिल कुमार कौशल ने बताया कि कैंप के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म नंबर 6 तथा नाम में त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म नंबर 8 जमा किए गए। उन्होंने बताया कि उनके बूथ पर नाम जोड़ने के लिए केवल एक फॉर्म नंबर 6 प्राप्त हुआ। वहीं बूथ संख्या 17 के बीएलओ अभिषेक जायसवाल ने जानकारी दी कि उनके बूथ पर नाम जोड़ने के लिए छह फॉर्म नंबर 6 तथा नाम में त्रुटि सुधार के लिए तीन फॉर्म नंबर 8 प्राप्त हुए। इसी प्रकार रुपईडीहा क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदाता जागरूकता कैंप आयोजित किए गए, जहां मतदाताओं को अपने नाम सत्यापन, नाम जोड़ने और संशोधन संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

चुनाव आयोग द्वारा आयोजित इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने और सूची को त्रुटिरहित बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम की मौत, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के चक सौगहना गांव में दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वजीरगंज कुंडासर मार्ग पर स्थित रहमान हॉस्पिटल के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने मासूम को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान अब्दुर्रहमान (06) पुत्र मुजीबुद्दीन उर्फ चैली निवासी चक सौगहना के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष संजीव चौहान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है, रो-रोकर उनका बुरा हाल है।

# जैतापुर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत जैतापुर में शनिवार को विशाल भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गौड़ रहे। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा मंडल रुपईडीहा के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह के सुपुत्र आकाश सिंह उर्फ हैप्पी द्वारा किया गया, जबकि संचालन श्री रामजानकी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आनंद श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत जैतापुर के खेल मैदान में किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।




इस अवसर पर विकास खंड नवाबगंज के समस्त भाजपा कार्यकताओं–बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक–को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही भीषण ठंड को देखते हुए सैकड़ों गरीब, असहाय, दिव्यांग और महिलाओं को कंबल वितरित कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम संयोजक आकाश सिंह उर्फ हैप्पी ने क्षेत्र के पत्रकारों एवं समाजसेवियों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बैजू भैया, श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, पूर्व सहकारी समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रुपईडीहा अश्वनी कुमार वैश्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराजदीन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष कन्हैया वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, इंजीनियर राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू भैया सहित विकास खंड नवाबगंज के अनेक भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# उद्यमी महिलाओ कों कंपनी द्वारा किया गया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उद्यमी महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा कैसरगंज क्षेत्र में 90 महिला सदस्यों को उनके व्यवसायिक योगदान के आधार पर बोनस वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन भकला में किया गया। कार्यक्रम में कंपनी की बीओडी सदस्य बसंती एवं अनीता देवी, ट्रस्ट कम्युनिटी लाइवलीहुड्स के प्रोग्राम निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे तथा यूपीएसआरएलएम से राहुल कुमार एवं प्रधान आशा वर्मा ने सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किए। सभी अतिथियों ने उद्यमी एफपीसी के विकास में निरंतर सहयोग की बात कही तथा महिला सदस्यों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उद्यमी महिला प्रोड्यूसर कंपनी पिछले तीन वर्षों से महिला किसानों के साथ मिलकर उनके आजीविका संवर्धन के लिए सतत प्रयास कर रही है तथा अब तक कंपनी में कुल 1790 सदस्य कार्यरत है।

# भरथापुर के विस्थापितों को नई ज़िंदगी की सौगात

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट के दुर्गम जंगलों और कौड़ियाला-गेरुआ नदियों के बीच बसे भरथापुर गांव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फैसला उम्मीद की नई रोशनी बनकर आया है। 29 अक्टूबर 2025 को कौड़ियाला नदी में हुई दर्दनाक नाव दुर्घटना के बाद जिन 136 परिवारों ने अपनों को खोया, अब उनके सुरक्षित पुनर्वास का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। मुख्यमंत्री की कैबिनेट से मुहर लगते ही भरथापुर के विस्थापन और सेमरहना में विशेष कॉलोनी निर्माण का निर्णय औपचारिक रूप से लागू हो गया है। तहसील मिहींपुरवा का भरथापुर गांव भौगोलिक रूप से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। चारों ओर जंगल और नदियों से घिरे इस गांव तक पहुंचने का एकमात्र साधन नाव ही रहा है। यही दुर्गमता वर्षों से ग्रामीणों की मजबूरी थी और अक्टूबर 2025 की नाव दुर्घटना ने इस मजबूरी को त्रासदी में बदल दिया। हादसे के बाद शासन-प्रशासन ने गांव के स्थायी समाधान के तौर पर विस्थापन की दिशा में कदम बढ़ाया।

सेमरहना में विस्थापितों के पुनर्वास के लिए पहले ही भूमि चिन्हित कर ली गई थी और विशेष कॉलोनी का प्रस्ताव तैयार किया गया था। अब मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद न सिर्फ जमीन का पट्टा दिया जाएगा, बल्कि इस कॉलोनी को विशेष कॉलोनी का दर्जा भी मिलेगा। फैसले की खबर मिलते ही भरथापुर के वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे अपने लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ॒साक्षात आशीर्वाद॒ बताया। प्रस्तावित विशेष कॉलोनी आधुनिक और समग्र सुविधाओं से युक्त होगी। यहां चौड़ी सड़कें, बिजली व्यवस्था, सोलर लाइटें, मवेशियों के लिए अलग आवास, एक ही मॉडल में तैयार पक्के मकान, बच्चों के लिए स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी मूलभूत सुविधाएं कॉलोनी परिसर में ही उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्देश्य सिर्फ घर देना नहीं, बल्कि विस्थापित परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन देना है। विस्थापन में शामिल 136 परिवारों को वन विभाग की ओर से मुआवजे के रूप में लगभग 24 करोड़ रुपये पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं। कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब विशेष कॉलोनी का निर्माण कार्य जल्द ही धरातल पर उतरने की उम्मीद है। भरथापुर के लिए यह फैसला सिर्फ विस्थापन नहीं, बल्कि खतरे और अनिश्चितता से बाहर निकलकर सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ने का रास्ता है।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा रामदयाल ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य समयबद्ध ढंग से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि विस्थापित परिवारों को जल्द से जल्द सभी सुविधाओं के साथ नई बसावट में बसाया जाए।

# सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने 200 लोगों को वितरित किये हेलमेट

## पुलिस लाइन में सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित यातायात सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व नगर के अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पुसिल यातायात राज सिंह यादव, ए.आर.टी.ओ. ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), प्रदीप कुमार, प्रभारी यातायात पुलिस राम प्रकाश के साथ उपस्थित मीडिया बन्धुओं, आरक्षियों एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को लगभग 200 हेलमेट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रक्षिशु पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स, एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क दुर्घनाओं पर बचाव की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण किया गया तथा मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में यातायात कार्यालय के कार्मिकों, पुलिस दस्ता, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# प्रतिबंध के बावजूद बिक व उपयोग हो रहा चाइनीस मांझा

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। जिले में चायनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसकी अवैध बिक्री और उपयोग जारी है। यह मांझा नागरिकों, बच्चों और पक्षियों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। गुरुवार को कस्बा बाबागंज के गुड-गुड डेयरी के पास पर चायनीज मांझे के टुकड़े मिले हैं।

राम नगर मोड़ चौराहे की वजह से बच्चों सहित आम राहगीरो की आवाजाही का प्रमुख केंद्र है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर चिंता व्यक्त की है। कस्बा बाबागंज में चाइनीज मांझा प्रतिबंधित होने के बावजूद इसका उपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा है। मकर संक्रांति के आसपास व पतंगबाजी के शौकीन युवा इस घातक मांझे का प्रयोग करते है। इसका खामियाजा वाहन चालक, आमजन और बेजुबान पक्षियों कों भुगतना पड़ता है। चपेट में आने से गर्दन, चेहरे या हाथों पर लगने से गहरे घाव हो जाते है, जनपद में ऐसे दर्जनों मामले सामने आ चुके है जिसमे वाहन चालकों की जान जाते -जाते बची है। सरकार द्वारा बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगा रखा है, इसके बावजूद चोरी छिपे इसकी बिक्री होती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध चायनीज मांझा बेचने वालों और उपयोग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि मानव जीवन और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सरकारी स्कूल में तड़पती मिली युवती

**बॉयफ्रेंड के साथ घर से भागी थी, नाजुक हालत में प्रयागराज रेफर**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, जिले के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे मीतन में सुबह एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर हालत में मिली। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है, जब विद्यालय परिसर के अंदर युवती जमीन पर तड़पती हुई पाई गई। विद्यालय खुलने के बाद सहायक अध्यापक मनोज वर्मा ने जैसे ही पीछे की बाउंड्री का गेट खोला, उन्होंने युवती को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और ग्राम प्रधान शांति देवी को भी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को तुरंत लालगंज ट्रामा सेंटर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्रयागराज स्थित एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने युवती के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय, क्षेत्राधिकारी आशुतोष मिश्रा और लालगंज कोतवाल आलोक कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस युवती की पहचान करने और उसे विद्यालय परिसर में किसने तथा किन परिस्थितियों में छोड़ा, इन सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।



# पात्रता पुष्टि न होने पर राशनकार्ड निरस्त होंगे

## प्रतापगढ़ में 63 हजार कार्ड धारकों की हो रही जांच

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ जिले में 63 हजार राशन कार्ड धारकों की पात्रता का सत्यापन किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी की देखरेख में चल रही इस जांच में अपात्र पाए जाने पर राशन कार्ड निरस्त कर दिए जाएंगे। सत्यापन के लिए नामित कर्मचारी संदिग्ध उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर जांच कर रहे हैं। उनसे पात्रता से संबंधित अभिलेख मांगे जा रहे हैं। पात्रता की पुष्टि न होने पर ऐसे उपभोक्ताओं की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। शासन स्तर से मुफ्त राशन लेने वाले कार्ड धारकों पर लगातार नजर रखी जाती है। समय-समय पर संदिग्ध राशन कार्ड धारकों की सूची जिला पूर्ति कार्यालय को भेजकर सत्यापन कराया जाता है। इस बार ऑनलाइन मॉनीटरिंग में प्रतापगढ़ के 63 हजार राशन कार्ड धारक संदिग्ध पाए गए हैं लालगंज तहसील में चल रहे सत्यापन में अब तक 13 हजार उपभोक्ता अपात्र मिले हैं। इनमें वे लोग शामिल हैं जिनके पास दो हेक्टेयर से अधिक भूमि है, जो दो लाख रुपये से अधिक का आयकर दाखिल करते हैं, या जिनके पास लग्जरी वाहन हैं। लालगंज तहसील के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक में सर्वाधिक अपात्र उपभोक्ताओं की पुष्टि हुई है। पूर्ति निरीक्षक लालगंज, अमित शुक्ल ने बताया कि अपात्र मिले उपभोक्ताओं की सूची बनाकर भेजी जा रही है। शासन के निर्देश पर इन उपभोक्ताओं के राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। जिला पूर्ति अधिकारी अभिनव द्विवेदी ने बताया कि पूरे प्रदेश में राशन कार्ड धारकों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाती है

## संक्षेप

### महिला से पर्स लूट का आरोपी गिरफ्तार

**मुठभेड़ के बाद अवैध तमंचा, मोटरसाइकिल और लूटा गया पर्स बरामद**

बागपत , बड़ौत कोतवाली पुलिस ने एक महिला से पर्स लूटने के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटा गया पर्स बरामद किया है। यह घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में 13 जनवरी को हुई थी, जब एक महिला से पर्स लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। अजय कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान फरार लुटेरे को मुठभेड़ के बाद पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बागपत के कोताना निवासी निशांत पुत्र रामअवतार के रूप में हुई है। निशांत ने ही महिला से पर्स लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त निशांत पर थाना क्षेत्र में पहले से ही दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध हथियार बरामद हुए हैं।

### आकाश आनंद से मित्तन पहलवान ने मुलाकात की

**बागपत में पार्टी मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने पर चर्चा**

बागपत , मित्तन पहलवान ने दिल्ली में पार्टी के चीफ राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद से मुलाकात की। इस दौरान मित्तन पहलवान ने आकाश आनंद को एक गदा भेंट की। बैठक में पार्टी को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और आगामी जिला पंचायत चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मित्तन पहलवान ने बताया कि आकाश आनंद ने पार्टी कार्यकताओं को अधिक से अधिक युवाओं को बसपा से जोड़ने और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जमीनी स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। गोठड़ा गांव निवासी मित्तन पहलवान बसपा के सक्रिय युवा नेता हैं और युवाओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ रखते है। वह वर्तमान में जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से चुनावी मैदान में हैं, जहां उन्हें स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस मुलाकात के दौरान बागपत के बसपा जिलाध्यक्ष विक्रम भाटी भी उपस्थित रहे।

### स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी भीषण आग

**सदर के न्यूसोतीगंज में बेसमेंट में है दुकान, दमकल की टीम आग बुझाने में जुटी**

मेरठ , न्यू सोतीगंज स्थित मार्केट में स्पेयर पार्ट की दुकान में आग लग गई। देखते देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। पहले एक नजर आग की घटना परसदर बाजार थाना क्षेत्र के न्यू सोतीगंज में रवि की स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। यह दुकान बेसमेंट में बनी है। गुरुवार दोपहर में अचानक दुकान से धुआं निकलना शुरू हो गया। यह देख बाहर खड़े लोगों ने शोर मचा दिया।इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। पहले तो लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब धुआ काम नहीं हुआ

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में औचक निरीक्षण पर पहुंचे विधायक

## विद्यालय की साज सज्जा एवं अन्य व्यवस्थाओं को देख आश्चर्यचकित हुए जैकी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में एस आई आर की जागरूकता अभियान हेतु जनप्रतिनिधि जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाते हुए आम नागरिकों को निर्वाचन आयोग के नियमों से प्रेरित कर रहे हैं इसी प्रक्रिया के चलते जनपद के बिंदकी विधानसभा विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने मलवां विकासखंड का दौरा किया जहां नागरिकों को जागरुक करते हुए पदयात्रा के तहत सुल्तानपुर गांव पहुंचे गांव भ्रमण करते हुए अचानक क्षेत्रीय विधायक ने गांव के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय पर जा पहुंचे अचानक विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला समेत सभी शिक्षक अवाक रह गए आनन फानन विद्यालय की समुचित व्यवस्था के अनुसार प्रधानाध्यापिका ने आए हुए आगंतुक का भगवान गणेश की प्रतिमा स्मृति चिन्ह रूप में भेंट कर भव्य स्वागत किया वही विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी आए हुए अतिथि समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सत्कार किया विद्यालय पहुंचे बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने विद्यालय की व्यस्तता वृक्षारोपण वॉल पेंटिंग चित्रकला तथा नवीन शिक्षा को देखते हुए विद्यालय तथा विद्यालय के शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की वही विद्यालय के बच्चों से भी क्षेत्रीय विधायक ने वातार्लाप की जहां सभी बच्चे अनुशासित रूप से क्षेत्रीय विधायक से मुखातिब हुए बच्चों की क्रिया शैली देखकर क्षेत्रीय विधायक दंग रह गए इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक के साथ मौजूद ग्राम प्रधान कोटेदार पूर्व प्रधान नजदीकी गांव गुनीर निवासी पिंटू सिंह समेत लगभग आधा सैकड़ा लोग मौजूद थे जिन्होंने भी विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा की बच्चों की समस्या को लेकर विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक से चर्चा की गई जहां प्रधानाध्यापिका ने बताया कि पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर कक्षा 1 से 5 तक संचालित है पास में ही जुड़ा हुआ जीआईसी विद्यालय है जिसमें कक्षा 9 तथा 10 का शिक्षण कार्य संपन्न हो रहा है गांव में कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा की न्यूनता स्पष्ट दिखाई दे रही है जिस समस्या से आहत होकर कुछ बच्चे सुदूर क्षेत्रों में पढ़ाई करने चले जाते हैं वहीं गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा विहीन हो जाते हैं इस समस्या से निजात दिलाने हेतु क्षेत्रीय विधायक ने तत्काल विद्यालय से ही बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर से फोन संपर्क करते हुए वार्ता की तथा जल्द ही इस समस्या से निजात देने के लिए प्रधानाध्यापिका को आश्वासन दिया आए हुए क्षेत्रीय विधायक समेत सभी गणमान्य लोगों का प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय की अभिभावक संघ अध्यक्ष मिथिलेश शिक्षक रविंद्र नेहा महेजबीन अमरेंद्र समेत विद्यालय परिवार के सभी बच्चे मौजूद रहे

# हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह




कासिमपुर। बेहंदर क्षेत्र के रसूलपुर ब्रम्हनान गांव में शनिवार को हिन्दू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुजारी राजकरन उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह प्रमोद ने मुख्य वक्ता के रूप में लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड बौद्धिक प्रमुख संतोष ने की। हिन्दू सम्मेलन की शुरूआत मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रमोद ने अपने संबोधन में संघ द्वारा प्रस्तावित पंच परिवर्तन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिवार एवं कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण तथा नागरिक कर्तव्य जैसे बिंदुओं को अपनाकर राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से इन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपरांत मां भारती की आरती के साथ सम्मेलन का समापन किया गया। आयोजन मंडल कार्यवाह शिवम मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला संपर्क प्रमुख रतन सिंह, मंडल अध्यक्ष गोपेन्द्र मिश्रा, हर्षवर्धन, बजरंग दल प्रखंड संयोजक विवेक सिंह, संजय, धर्मवीर, रमेश, रजनीश सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेटियां बोलीं- अब्बू को फांसी दी जाए

**शक की वजह से अम्मी को मार डाला; बच्चों की शक्ल भी नहीं देखना चाहते थे**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, 'हमारी अम्मी पाक थीं, निकाह के 20 सालों में आज तक अम्मी ने किसी की तरफ आंख उठाकर नहीं देखा। वो ताउम्र हम बच्चों, हमारे परिवार और अब्बू के लिए सोचती रहीं। अब्बू के जुल्म सहती रहीं, लेकिन अब्बू ने उन पर शक किया। उनको गलत समझा। कुछ लोगों के कहने पर अब्बू, मम्मी पर शक करते रहे और उनकी हत्या कर दी है। हम चाहते हैं कि हमारे अब्बू को फांसी की सजा दी जाए, सरकार और देश का कानून अब्बू को कभी जेल से बाहर नहीं आने दे।' ये बातें अपनी मां के लिए इंसाफ मांगती शमीना की बेटियों ने रोते हुए कहीं। 40 साल की शमीना की 26 जनवरी की रात हत्या कर दी गई थी। उसके शौहर वकील ने रात के अंधेरे में शमीना के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए थे। पुलिस ने आरोपी वकील को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। मेरठ मेडिकल थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर में देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। जहां शमीना ( 40 ) की उसके ही पति वकील ने चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। मृतका का अपने पति से पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था और वह करीब एक साल से अपने बच्चों के साथ अलग रह रही थी। वॉर्ड आया का काम करने वाली शमीना के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने मंगलवार शाम को हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह शमीना के चरित्र पर शक करता था, इसी शक के चलते उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया।

# टूटा कोदंड लक्ष्मण परशुराम के बीच हुआ घनघोर संवाद

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहरारी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का विशाल महोत्सव मनाया गया महोत्सव के प्रथम दिवस शुभारंभ के पश्चात मां अन्नपूर्णा देवी के दिव्य मंदिर प्रांगण अंतर्गत गांव के वरिष्ठ बुजुर्ग रामदयाल सोनकर छोटे लाल यादव रामबली यादव राजरानी समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं उत्तर भारत के सुविख्यात कलाकारों ने राम जन्म पुष्प वाटिका तड़का वध लीला का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया जिसे देख ग्रामीण नागरिक भाव विभोर होते रहे कल द्वितीय दिवस विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया जहां लीला पुष्प वाटिका संध्या वंदन से प्रारंभ हुई मंच के माध्यम से भगवान श्री राम अनुज लक्ष्मण ने संध्या वंदन करते हुए गुरु आशीष प्राप्त किया वहीं मिथिला नरेश राजा दशरथ द्वारा की गई प्रतिज्ञा के आधार पर आए हुए देश देशांतर के राजाओं द्वारा प्रण की पूर्ति नहीं हो पाई मंच में सभी राजाओं के साथ रावण बाणासुर जैसे भी योद्धा भी आए परंतु भगवान शंकर के धनुष को नहीं तोड़ पाए जिसे देख व्याकुल राजाजनक का करुण विलाप मंच के माध्यम से भक्तों ने दर्शन किया गुरु आज्ञा पाते ही भगवान श्री राम ने अजगव को दो खण्डों में विभाजित किया तथा माता सीता ने भगवान श्री राम को जयमाल पहनाया यह देखते ही समूचे परिसर में जय श्री राम के जयकारे श्रद्धालु भक्तगणों ने जमकर लगाए वही सूचना पाकर मिथिला पहुंचे भगवान परशुराम का कोप भक्तों को देखने को मिला जहां परशुराम की भूमिका में पंडित रमन तिवारी तथा लक्ष्मण की भूमिका में सौरभ बाजपेई के बीच सुबह देर समय तक घनघोर मार्मिक संवाद चला जिसे देख दर्शक गण भाव विभोर हो उठे आए हुए सभी कलाकारों तथा दर्शकों का समिति के पदाधिकारी शुघरलाल त्रिपाठी ओमकार नाथ पाण्डेय महेंद्र प्रताप त्रिपाठी आर्य कुमार पाण्डेय कामता प्रसाद दयाशंकर समेत सभी पदाधिकारियों ने सादर आभार व्यक्त किया

# स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी भीषण आग

**सदर के न्यूसोतीगंज में बेसमेंट में है दुकान, दमकल की टीम आग बुझाने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , न्यू सोतीगंज स्थित मार्केट में स्पेयर पार्ट की दुकान में आग लग गई। देखते देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

**पहले एक नजर आग की घटना पर**

सदर बाजार थाना क्षेत्र के न्यू सोतीगंज में रवि की स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। यह दुकान बेसमेंट में बनी है। गुरुवार दोपहर में अचानक दुकान से धुआं निकलना शुरू हो गया। यह देख बाहर खड़े लोगों ने शोर मचा दिया। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। पहले तो लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब धुआ काम नहीं हुआ तो उन्होंने दमकल को सूचना दे दी।दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची बेसमेंट में आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई और भीड़ को हटाते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों की भीड़ जमा होती जा रही थी। इसके बाद दमकल की टीम ने इन लोगों की मदद से ही आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। नीचे ही नीचे आग सुलग रही थी जिस कारण वहां पूरे बेसमेंट में धुआं भी भर गया। लोगों का अंदर जाना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद दमकल की टीम ने ऑक्सीजन मास्क मंगाकर आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की। फिलहाल टीम बेसमेंट में लगी आग बुझाने का काम कर रही है।गोदाम के लिए किराए पर दिया था बेसमेंटजिस मकान में यह आग लगी है, वह कार मैकेनिक फहीम का है। फहीम ने अपना बेसमेंट रजबन निवासी रवि मलिक को किराए पर दिया हुआ था।उनके परिवार में पिता अनीस के अलावा मां ताहिरा और चार बहने भी हैं। पूरा परिवार दूसरी मंजिल पर रहता है।

# छात्रा से छेड़छाड़ ,विरोध करने पर शोहदे ने दी गालियां

**भाई को लाठी-डंडों से पीटा; कनपटी पर तानी पिस्टल**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , स्कूल आती-जाती छात्रा से एक युवक अक्सर छेड़छाड़ करता। रास्ते में रोकर बैड टच करता और छात्रा के विरोध करने पर गंदे-गंदे इशारे करता। 3 दिनों तक छात्रा को छेड़ता रहा। इससे परेशान होकर छात्रा ने पूरी बात अपने भाई को बताई। इसके बाद छात्रा के भाई ने युवक को कॉल करके कहा- मेरी बहन का पीछा करना छोड़ दो, नहीं तो पुलिस से शिकायत कर दूंगा। इसके बाद युवक ने अपने साथ 12 से अधिक लोगों को बुलाकर छात्रा के भाई और दोस्त को बुरी तरह से पीटा। छात्रा के भाई की कमर पर काफी चोटें आईं है। गुरुवार को छात्रा के पिता ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। इंटर कॉलेज में पढ़ रही है छात्रामोदीनगर निवासी 15 साल की छात्रा एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने बताया- पिछले 3 दिनों से अमन नाम का एक युवक मुझे लगातार परेशान कर रहा था। मेरे साथ छेड़छाड़ कर रहा था। वह मुझसे मोबाइल नंबर मांगता था और बार-बार गलत हरकतें करता था। इसके बाद मैंने पूरी बात अपने भाई को बताई। भाई ने अमन को फोन कर कहा कि मेरी बहन का पीछा करना बंद कर दो। इसके बाद आरोपी ने खुद कॉल कर मेरे भाई को बुलाया और कहा कि वह पूरी सच्चाई बताएगा। शाम मोदीनगर मेट्रो स्टेशन के पास आरोपी ने मेरे भाई और उसके दोस्त पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पिस्टल की बट से पीटा गया और तमंचे से भी वार किए गए। थाने गया तो अंजाम भुगत लेनाछात्रा के भाई ने बताया- मुझे इतनी बेरहमी से पीटा गया कि मेरे पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। इस हमले में मुझे और मेरे दोस्त को गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी अमन के साथ करीब एक दर्जन अन्य युवक भी शामिल थे। मारपीट के दौरान मुझे धमकी दी गई कि अगर थाने जाकर शिकायत की, तो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा।

रात में छात्रा के पिता मोदीनगर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इस मामले में मोदीनगर थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने बताया- तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवक ने मरने से पहले बनाए तीन वीडियो

## कर्ज से परेशान था, बोला- इतनी उधारी चढ़ी कि चुका नहीं सकता, इसलिए मर रहा हूं

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, कर्ज से परेशान युवक ने सुसाइड कर लिया। गोविंद ने सुसाइड से पहले अपने 3 वीडियो बनाए। वीडियो में उसने कहा- मुझ पर इतना कर्ज है कि मैं उसे चुका नहीं पा रहा। अपनी पत्नी के जेवर भी गिरवी रख चुका हूं। बेइंतहा मेहनत करने के बावजूद भी इस कर्ज को चुका नहीं पा रहा। इसलिए सुसाइड ही अंतिम रास्ता नजर आ रहा है। कर्जदारों ने मुझे फोन करके परेशान कर दिया है। मेरी वीडियो बनाकर कर्जदार मुझे दुखी करते हैं, इसलिए अब मैं जी नहीं पाऊंगा। मैं अब फांसी लगाकर मरने जा रहा हूं। यह कहते हुए युवक ने मफलर का फंदा बनाया और सुसाइड कर लिया। पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई है तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। घटना सिविल लाइन थानाक्षेत्र के यादगारपुर की है।

**पेशे से प्लंबर था गोविंद, 5 साल पहले हुई शादी**

गोविंद पुत्र ओमप्रकाश यादगारपुर का रहने वाला था। गोविंद प्लंबर था। पांच साल पहले तनु से शादी हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे भी है। गोविंद अपने माता-पिता, भाई-भाभी के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि गोविंद ने पिछले दिनों कुछ कर्ज लिया था। लगातार कर्जदार उसे पैसों के लिए परेशान कर रहे थे। जिसके कारण वो बहुत ज्यादा टेंशन में था। घटना बुधवार रात की है। पहले गोविंद ने अपने वीडियो बनाए। इसके बाद उसने कमरे में ही पंखे से मफलर से लटककर फांसी लगा ली। रात में जब उसका भाई गौरव कमरे में पहुंचा तो घटना का पता चला। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गोविंद ने वीडियो में कहा- मैं डिप्रेशन में मर रहा हूं, सुसाइड कर रहा हूं, ऑन द स्पॉट सुसाइड कर रहा हूं। मेरे पास पैसों का बहुत ज्यादा प्रेशर आ रहा है। मैंने फोन छुढ़ाया, चीज छुढ़ाई अभी भी मुझ पर बहुत प्रेशर है। जाफर के पास मेरी चीज रखी हुई है। मेरे ससुरालियों ने बहुत सपोर्ट किया। जितनी उनकी औकात नहीं थी, उससे ज्यादा उन्होंने मुझे सपोर्ट किया है। कर्जदार लगातार कर रहे थे परेशानमृतक के परिजनों ने पुलिस को एक तहरीर दी है। जिसमें लिखा कि कर्जदारों से परेशान होकर ही उनके बेटे ने सुसाइड किया है। वहीं मौत से पहले गोविंद ने तीन वीडियो बनाए हैं। ये तीनों वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें उसने गोविंद ने मौत से पहले तीन वीडियो रिकॉर्ड किए थे। इन वीडियो में उसने कर्ज और कथित प्रताड़ना का जिक्र किया है, साथ ही कुछ लोगों को अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर किसानों की ली गई जमीन पर उनके परिवार के एक लोग को रेलवे विभाग में नौकरी दिए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार




उतरौला ( बलरामपुर ) रेलवे लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाल अहमद सिद्दीकी ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर निमार्णाधीन खलीलाबाद बहराइच रेलमार्ग पर किसानों की ली गई जमीन पर उनके परिवार के एक लोग को रेलवे विभाग में नौकरी दिए जाने की मांग की है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाल अहमद सिद्दीकी ने अपने मांग पत्र में लिखा कि बहुप्रतीक्षित रेलवे परियोजना में रेलवे विभाग के द्वारा किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस क्षेत्र के किसानों के पास जमीन के अतिरिक्त कोई अन्य रोजगार के साधन नहीं है। इस क्षेत्र में कोई औघोगिक फैक्ट्री नहीं है। मजबूरन किसानों अथवा उनके परिवार के लोगो को जीवनयापन करने के लिए दूसरे प्रदेशों के लिए पलायन को मजबूर होना पड़ रहा है।

# कथा वाचक अरूण शुक्ल जी महाराज जी ने कथा के सातवें दिन लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध और रावण वध की लीला सुनाई


अमन लेखनी समाचार



अमिला मऊ, मऊ के बड़राव ब्लाक क्षेत्र के बहरामपुर में राम कथा में नैमिषारण्य धाम से पधारे कथा वाचक अरूण शुक्ल जी महाराज जी ने कथा के सातवें दिन लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध और रावण वध की लीला सुनाई। राम भक्त हनुमान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमानजी महान योद्धा के साथ-साथ ज्ञानी भी थे और अपनी चतुराई के साथ रावण की लंका दहन कर यह अवगत करा दिया था कि जिनका भक्त इतना बलशाली है तो उसका स्वामी कितना बलवान होगा। लेकिन अपनी राक्षसी प्रवृत्ति के कारण उसने माफी मांगने से इनकार कर दिया। भगवान ने समुद्र पर पुल बांधकर लंका में प्रवेश किया। उधर रावण के भाई विभीषण ने भी समझाने का प्रयास किया तो लात मारकर घर से निकाल दिया और विभीषण राम की शरण में पहुंच जाता है। राम विभीषण का राजतिलक कर लंका का राजा बना देते हैं। रावण, शंकरजी का अपार भक्त था उसने अपने शीश काट कर शंकर जी पर चढ़ाए और प्रसन्न कर वरदान प्राप्त किया। आचार्य सत्य प्रकाश दुबे ने वैदिक मन्त्रोंचार व आरती के साथ कथा प्रारम्भ कराया।कथा के अंत में मथुरा से पधारे कलाकारों ने राधा कृष्ण की झांकी व सुदामा जी से मिलन को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वही कथा का समापन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ सम्पन्न हुआ। जहाँ 251 कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद महा भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।

# फर्जी जज व थाना प्रभारी बताकर दोस्त से ठगी करने वाले 03 ठग गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



हापुड , थाना हापुड़ नगर पुलिस ने फर्जी जज व थाना प्रभारी बताकर अपने दोस्त से ठगी करने वाले 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार ।जिनके कब्जे से कुटरचित दस्तावेज (एक एफआईआर व 03 वारण्ट), 03 मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल व 710/- रुपये नकदी बरामद । गिरफ्तार अभियुक्तगण मौहम्मद शाद सिद्दकी व मौअज्जम ने सहअभियुक्त मौहम्मद अतिफ को फर्जी जज थाना प्रभारी बनाकर मुकदमा वादी के पुत्र (जो विदेश में नौकरी करता है) को फोन से डराकर 03 महीनों के अन्तराल में 05 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की घटना कारित की गयी थी। एडिशनल एसपी विनीत कुमार भटनागर ने बताया थाना हापुड़ नगर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे व पुलिस द्वारा थाने के मु०अ०सं० 044/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 308(5), 352, 351 (3) बीएनएस में वाछिंत 03 अभियुक्तों मौहम्मद शाद सिद्दकी पुत्र जावेद सिद्दकी निवासी ईदगाह रोड कस्बा 2. मौहम्मद आतिफ पुत्र मौ0 अनवार निवासी कानून गोयान पुराना बाजार 3. मौअज्जम पुत्र महबूब अली निवासी मौ० पीरबाउद्दीन थाना हापुड़ नगर जनपद हापड़।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के प्रदेश उपाध्यक्ष का रंगरेलियां मनाते हुए वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।स्टेज पर डांस करती युवतियों के साथ ठुमका लगाते नजर आए हरपालपुर ।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के प्रदेश उपाध्यक्ष की एक स्टेज पर युवतियों के साथ डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह युवतियों के साथ ठुमका लगाते हुए नजर आ रहे हैं ।टिलिया-घटवासा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व प्रधान वर्तमान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा उर्फ टिकू का एक 30सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह स्टेज पर कुछ डांस करती युवतियों के साथ सोने के आभूषण पहनकर ठुमका लगाकर पैसा लुटाते हुए नजर आ रहे हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि उनके घर में बच्चे का जन्मदिन था ।घर पर आयोजित निजी कार्यक्रम वायरल करके उनकी राजनीतिक व सामाजिक छवि खराब करने की गहरी साजिश है।

## राजघाट पर गंगा में लगी हजारों श्रद्धालुओं की पवित्र डुबकी

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई ।बिलग्राम के प्रसिद्ध राजघाट पर माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर गंगा में महास्नान की आस्था भरी डुबकियां लगीं ।एक महीने से यहां कल्पवास कर रहे संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं का कल्पवास आज पूरा हुआ। एक दिन पहले से ही हजारों भक्त राजघाट पहुंच गए थे। पूरा घाट क्षेत्र सत्संग, कीर्तन और धार्मिक उत्साह से गूंज रहा था, जो किसी बड़े कुंभ मेले की याद दिला रहा था। श्रद्धालु शाम को भागवत कथा और सत्संग में शामिल हुए, फिर ब्रह्म मुहूर्त में सुबह गंगा स्नान कर हवन, दान-पुण्य किया। शाम को महाआरती के साथ कल्पवास का भव्य समापन हुआ। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कीं। एसडीएम एन. राम, सीओ रवि प्रकाश सिंह और कोतवाल अरविंद राय ने मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीआरएफ, नाविक दल, रोशनी, सुरक्षा और ठंड से बचाव के लिए अलाव आदि के पुख्ता इंतजाम किए गए। मेला क्षेत्र को सजाया-सँवारा गया है। मेला महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा, जिसके लिए संतों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। गंगा किनारे सैकड़ों दुकानें लगी हुई हैं। पूजा सामग्री, खाने-पीने की चीजें, घरेलू सामान आदि से बाजार सजा है, जिससे श्रद्धालु खरीदारी भी कर रहे हैं।

## झोपड़ी में लगी आग से पांच मवेशी जिंदा जले

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, पाली बीती रात पचदेवरा क्षेत्र के अंतर्गत एक झोपड़ी में लगी आग से पांच मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई वही झोपड़ी में सो रहे एक संत भी बुरी तरह से झुलसें पचदेवरा थाना क्षेत्र के लखनौर गांव में बीती रात एक झोपड़ी अचानक आग लग गई आग की चपेट में आकर पांच मवेशियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई वही झोपड़ी में सो रहे संत कमलेश मिश्रा भेज झुलस गए ग्रामीणों की माने तो आज रात करीब दो बजे के आसपास लगी चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशकत कर किसी तरह से आग पर काबू पाया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है

# संस्कारयुक्त शिक्षा और रचनात्मकता की बनीं गवाह : उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी

अमन लेखनी समाचार



बिलग्राम, हरदोई ।नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों पंडित जगन्नाथ पब्लिक स्कूल एवं पंडित जगन्नाथ प्रसाद अग्निहोत्री इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, भव्यता और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए।इन आयोजनों की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी रहीं ।स्कूल में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्लउमंगझ3ह्व का शुभारंभ गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना से हुआ, इससे पहले इंटर कॉलेज में मंत्री ने स्वर्गीय पंडित कृष्ण प्रसाद अग्निहोत्री एवं पंडित जगन्नाथ प्रसाद अग्निहोत्री के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की ।कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, चार युग, रेट्रो थीम, वृद्धावस्था नाटक, बाल श्रम, महिला सशक्तिकरण, गुरु वंदना, माताझ्पिता वंदना, ह्लराम आएंगेह्व, द्रौपदी चीरहरण, फेस्टिवल्स इन इंडिया, पंजाबी लोकगीत एवं प्रेरणादायी गीत ह्लआगाजह्व जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं ।बच्चों के आत्मविश्वास, मंच संचालन और कलात्मक प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्कारयुक्त शिक्षा, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियाँ ही भविष्य के सशक्त नागरिकों का निर्माण करती हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।मंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पूरी लगन और परिश्रम से शिक्षा ग्रहण करें तथा स्वयं के साथ-साथ विद्यालय, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री, प्रबंधक कुमुद अग्निहोत्री, कार्यक्रम आयोजक सौरभ अग्निहोत्री सहित समस्त स्टाफ को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगर के पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों का मंच पर सम्मान किया गया। अतिथियों ने पत्रकारों को समाज और लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ बताया ।आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या कल्पना अग्निहोत्री, नमामि गंगे के जिला संयोजक आकाश तिवारी, दीपा विश्वास सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी बिलग्राम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय के नेतृत्व में पुलिस बल ने सतर्कता के साथ निभाई।

## हरदोई के गोपाल तिवारी फिर बने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता, जनपद में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के होनहार युवा नेता गोपाल तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता का इनाम उन्हें एक बार फिर मिला है। अखिल भारतीय युवा कांग्रेस ने उनकी कार्यक्षमता पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः राष्ट्रीय प्रवक्ता के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद से ही जनपद के कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है ।गोपाल तिवारी की यह नियुक्ति महज एक पद नहीं, बल्कि उनके द्वारा किए गए जमीनी संघर्ष का परिणाम मानी जा रही है। गौरतलब है कि वह राहुल गांधी के साथ 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान पूरे देश में पदयात्रा कर चुके हैं। इस दौरान उन्हें राहुल गांधी का निकट सानिध्य प्राप्त हुआ और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी प्रखर वक्ता शैली और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए हाईकमान ने उन्हें दोबारा इस बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है ।गोपाल तिवारी की इस उपलब्धि पर हरदोई कांग्रेस परिवार ने इसे जनपद का गौरव बताया है। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से शामिल रहे ।विक्रम पांडे जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सिंह युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम दीक्षित शहर कांग्रेस अध्यक्ष हसन अहमद एन एसयूआईजिला अध्यक्ष सुशांत पाल प्रदेश महामंत्री, युवा कांग्रेस इसके साथ ही प्रेम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने गोपाल तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से आगामी समय में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और हरदोई का नाम राष्ट्रीय पटल पर और भी मजबूती से चमकेगा।

## एसपी के आदेश से पॉच पर जान से मारने के प्रयास व लूटपाट की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर ।थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी अनुराग शुक्ला 28 पुत्र हरिनंदन ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव के ही पांच लोगों पर मारपीट कर जान से करने के प्रयास व लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अनुराग शुक्ला ने बताया कि 8 अप्रैल 2025 को सुबह 8 बजे गांव के ही रमाकांत, अजीत, अर्पित, रीतेश उर्फ सोहित व श्यामपुर पंजा गॉव निवासी श्याम जी ने उनके घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से फरसा, लाठी-डंडो से उन्हें, उनके पिता हरिनंदन, मॉ रानी देवी 48 वर्ष व भाभी मोहिनी 25 वर्ष को निर्मम तरीके से मारा पीटा था। इस मामले में उनकी मां रानी देवी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी अर्पित को जेल भेज दिया गया ।जेल से छूटकर 24 मई 2025 को सुबह 6 बजे सभी आरोपी फरसा, तलवार व नाजायज असलहो से लैस होकर उनके घर पर आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने मारपीट करने लगे ।उन्होंने पुलिस से शिकायत की ।जिस पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। 19 जनवरी 2026 को शाम 6:30 बजे वह हरपालपुर से अपने गांव जा रहा था ।गांव के पास पुलिया पर सभी आरोपियों ने गड़ाबंदी कर उसे पकड़ लिया ।उनके गले में गमछा डालकर मारने का प्रयास किया ।गले से सोने की चैन छीनकर उन्हें काफी मारा पीटा ।दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी मुकदमें में सुलह समझौता न करने पर जान माल की धमकी दे रहे है ।बताया कि विपक्षी गणों पर पहले से ही थाना हरपालपुर में पांच मुकदमे दर्ज हैं ।इस मामले में उसने पुलिस से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से फरियाद की ।एसपी के आदेश पर पाँचो आरोपिंयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## यूजीसी के नए कानून के विरोध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। शनिवार को गरौठा में देशव्यापी यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज एवं बार संघ गरौठा के सभी अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गरौठा का एरच मे किसी विभागीय सरकारी काम से होने के कारण तहसीलदार गरौठा अमृतलाल को सौपा। ज्ञापन में तहसील गरौठा क्षेत्र के समस्त सवर्ण समाज संगठनों ने सहभागिता की। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में यूजीसी बिल को ह्लकाला कानूनह्व बताते हुए कहा कि यह कानून समाज को बाँटने का कार्य कर रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। सभी स्वर्ण समाज संगठनों ने एकजुट होकर इस बिल का विरोध करने का आवाहन किया। उपस्थित लोगों ने बताया कि हम लोगों का किसी जाति या वर्ग से विरोध नहीं है। हमारा विरोध इस सवर्ण विरोधी कानून से है, जिसमें सवर्ण को सीधा गुनहगार घोषित कर दिया गया है। यदि यह कानून वापिस नहीं किया तो आज यह एक बैठक थी कल सड़कों पर उतर कर इस कानून को वापसी के लिए आवाज उठाएंगे और सरकार को कानून वापिस लेने के लिए मजबूर किया जाएगा ।इस बिल को 'काला कानून' बताते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए घातक होगा। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य समाज एकजुट होकर इस कानून का पुरजोर विरोध करेंगे। ज्ञापन देने वालों मे अनुज द्विवेदी, जगजीवन मिश्रा, सार्थक नायक, रमेश पटेरिया, राजकुमार गुप्ता, वरुणकांत त्रिपाठी, रासबिहारी तिवारी, अभिषेक वशिष्ठ, महेस्वरी शरण द्विवेदी, रामजी विदुआ, हर्ष पाठक, सौरभ पिपरैया, योगेश व्यास, मोनू मिश्रा, राघवेंद्र नायक, हरिओम गुप्ता, प्रशांत, सौरभ द्विवेदी, कोमल राजावत, सतेंद्र प्रताप, सत्यम सिंह, दीपक पाठक, रामजी, अमित पस्तोर, मोहित मिश्रा, रेखा परिहार, प्रीति द्विवेदी वही अधिवक्ता संघ से वीरेन्द्र सिंह सेंगर अध्यक्ष, रामसेवक पाठक, राजेश परिहार, योगेश द्विवेदी, सुशील पाठक, विवेक त्रिपाठी, प्रदीप अडजरिया, विपिन दुबे, श्याम किशोर मिश्रा, नीतेश दीक्षित, शशिलता दुबे, शहनदा असलम, अनेक यादव, विपिन द्विवेदी, संजय रिछारिया, विपिन राजपूत, शिवेन्द परिहार, अभय सेंगर, अवधेश प्रताप सिंह, सूरज यादव, पुष्पेन्द्र सोनकिया, संजय गुप्ता, दुष्यत सक्सेना सहित सैकड़ो सवर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## प्रेमी संग लौटी पत्नी का पति ने घोंटा गला, फिर थाने में किया सरेंडर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के रायपुर गुलरिया गांव में रिश्तों के कत्ल की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सात साल के वैवाहिक जीवन और वफादारी के बीच जब 'तीसरे' की एंट्री हुई, तो उसका अंजाम मौत बनकर सामने आया। प्रेमी के साथ घर छोड़कर गई पत्नी जब वापस लौटी, तो पति ने उसे माफ करने के बजाय मौत की नींद सुला दिया। हत्या के बाद आरोपी पति ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया ।रायपुर गुलरिया निवासी नवीन की शादी सात साल पहले सुरजीपुर निवासी अंजू के साथ हुई थी। शादी के बाद नवीन अपने ससुराल में ही घर जमाई बनकर रहने लगा था। सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन कुछ समय पहले अंजू का झुकाव गांव के ही एक अन्य युवक की ओर हो गया। प्रेम प्रसंग इस कदर परवान चढ़ा कि अंजू अपने पति और घर को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। प्रेमी के साथ कुछ समय बिताने के बाद अंजू वापस अपने पति नवीन के पास लौट आई थी। नवीन ने उसे घर में रख तो लिया था, लेकिन उसके मन में पत्नी की बेवफाई की आग सुलग रही थी। शनिवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। विवाद इतना बढ़ा कि नवीन ने आपा खो दिया और अंजू का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी ।वारदात को अंजाम देने के बाद नवीन भागा नहीं, बल्कि सीधे बेहटा गोकुल थाने जा पहुंचा। वहां उसने पुलिसकर्मियों के सामने अपना जुर्म कबूल करते हुए सरेंडर कर दिया। युवक के मुंह से हत्या की बात सुनकर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।बेहटा गोकुल थाना पुलिस ने आरोपी नवीन को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में इस घटना के बाद से सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अंजू के वापस आने के बाद लगा था कि सब ठीक हो जाएगा, लेकिन नवीन के मन में छिपी नफरत का अंजाम इतना खौफनाक होगा, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी।

## हाइड्रा की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा। ककरवई थाना क्षेत्र अंतर्गत मछलीकांछ सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार हाइड्रा की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कचीर निवासी रामवती (उम्र करीब 40 वर्ष) पत्नी कल्लू परिहार शनिवार शाम करीब 5 बजे खेत से चारा लेकर पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान मछलीकांछ की ओर तेज गति से जा रहे एक हाइड्रा वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 एवं एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के समय से न पहुंचने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल महिला को अपने सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रजनीश यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। पुलिस ने हाइड्रा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं वाहन चालक ग्याप्रसाद पुत्र रामकिशन कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विधायक खेल महाकुंभ का भव्य समापन, खेल से रोजगार की मजबूत नींव- मंत्री

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए विधायक खेल महाकुंभ का समापन 31 जनवरी 2026 को उत्साहपूर्ण वातावरण में आज संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान ह्लसोन की माटी, सोन का दम, आओ मिलकर खेले हमह्व का नारा खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच प्रेरणा का केंद्र बना रहा। खेल महाकुंभ में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। वरिष्ठ नागरिकों की रस्साकशी प्रतियोगिता में ब्लॉक चतरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए खेल कुद एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि ह्लखेलोगे - कूदोगे तो रोजगार मिलेगा, खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है ।ह्व उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी। साथ ही प्रदेश के सभी ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश की 25 हजार ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है, इससे ग्रामीण अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निदेशों का पालन करते हुए युवाओं और छात्र-छात्राओं को खेलों से जोड़ने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना ने देश में खेलों का परिदृश्य बदल दिया है। केंद्र सरकार ने न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया, बल्कि उन्हें विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर भी उपलब्ध कराया है। आज गांव का युवा भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाकर वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा की धनराशि से खेल के मैदान विकसित किए जाये, इस पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को अभ्यास के लिए अपने गांव में ही उचित स्थान मिल सकेगा। विधायक खेल महाकुंभ ने खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संचार किया है, यह आयोजन प्रदेश को खेल और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा देने वाला साबित हो रहा है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवा प्रतिभाएं आगे बढ़कर देश व राष्ट्र के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगी और जनपद का नाम रौशन करेंगें। इस दौरान मंत्री जी ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता से भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। युवक मंगल दल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

## साण्डी में कोल्ड स्टोरेज खंगाल ले गए चोर, 8 लाख की नगदी और 800 बोरी धान पार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के साण्डी कस्बे में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने पुलिसिया इकबाल को चुनौती देते हुए एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने एक कोल्ड स्टोरेज को अपना निशाना बनाते हुए वहाँ रखी करीब 8 लाख रुपये की नगदी और धान की 800 बोरियों पर हाथ साफ कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात से न केवल व्यापारी वर्ग में आक्रोश है, बल्कि स्थानीय पुलिस की गश्त और सुरक्षा दावों पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, शातिर चोरों ने साण्डी स्थित कोल्ड स्टोरेज की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए भीतर प्रवेश किया। वारदात के तरीके से साफ जाहिर होता है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। 800 बोरी धान ले जाने के लिए निश्चित तौर पर कई ट्रकों या बड़े मालवाहक वाहनों का उपयोग किया गया होगा, जिसकी भनक पुलिस को रात भर नहीं लगी। सन्नाटे के बीच घंटों चले इस 'ऑपरेशन' ने कस्बे में दहशत फैला दी है। कोल्ड स्टोरेज संचालक के मुताबिक, यह चोरी उनके व्यापार के लिए एक बड़ा आघात है। चोरों ने दफ्तर की तिजोरी और अन्य स्थानों को खंगालकर करीब 7 से 8 लाख रुपये की नगदी बटोर ली। इसके अलावा, कीमती धान की 800 बोरियां चोरी होने से आर्थिक नुकसान का आंकड़ा काफी बड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह किसी पेशेवर और बड़े गिरोह का काम है जिसने पहले से ही स्टोरेज की रेकी की होगी। बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि संदिग्ध वाहनों और मुखबिरों के जरिए सुराग जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, इतनी बड़ी वारदात के बाद व्यापारियों में असुरक्षा का भाव बना हुआ

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां ( हरदोई ) मामा की तेरवीं संस्कार से लौट रहे बाइक सवार एक व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की। मल्लावां क्षेत्र के भड़वल सलेमपुर निवासी वेद प्रकाश उर्फ प्रमोद रेदास 45 पुत्र प्रभू दयाल जो खेती किसानी कर गुजर बसर करता था। शुक्रवार को शिवपुरी थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव निवासी अपने मामा के तेरवी संस्कार में अपनी मां के साथ गया था। मां तो वहीं रुक गई। लेकिन वेद प्रकाश बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही गौरी चौराहा के पहले गैस गोदाम के पास पहुंचा ही था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मल्लावां लाया गया जहां से पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बेटी और दो बेटे है। घटना के समय वेद प्रकाश हेलमेट नहीं लगाए था जिससे सर में चोट लगने मौत हो गई। उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया शव को कब्जे में लेकर वाहन की तलाश की जा रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार को पुत्र शोक

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। हरदोई अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार अनूप श्रीवास्तव के 22 वर्षीय युवा पुत्र सुब्रत श्रीवास्तव की आकस्मिक मृत्यु से परिवारजनों एवं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, अभी 3 दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टर ने लड़के को निमोनिया बताते हुए लखनऊ के लिए रिफर कर दिया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात में लड़के का दुखद निधन हो गया, जिससे समस्त पत्रकारों में और क्षेत्रीय निवासियों में शोक की लहर दौड़ गई, लड़के का अंतिम संस्कार उनके गांव सिंघुआमऊ में किया गया, मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू आलोक सिंह आमिर किरमानी आनंद मिश्रा विजय पांडे सुधांशु मिश्रा प्रवीण सिंह राजन आशुतोष अवस्थी सुशांत सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## हाजीपुर गांव अब सियारामपुर के नाम से जाना जाएगा, सीएम ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

जनपद के विकासखंड भरावन के हाजीपुर गांव को अब नई पहचान मिल गई है ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गांव का नाम आधिकारिक रूप से बदलकर सियारामपुर कर दिया गया है। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने और शासन से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद यह निर्णय लागू हो चुका है। इसकी जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर (एक्स) हैंडल के माध्यम से साझा की है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शको ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनो को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।